




बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 10 अप्रैल 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 72 | मूल्य - 5 रुपये







बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा ● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली






## मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी

मुंबई, (भाषा)।

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के टर्मिनल एक पर बृहस्पतिवार शाम 'शॉर्ट सर्किट' के कारण आग लग गई, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सीएसएमआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आग पर रात नौ बजकर 20 मिनट पर काबू पा लिया गया लेकिन उड़ानों का परिचालन अप्रभावित रहा। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि करीब छह बजकर 10 मिनट पर आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने बताया आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों ने कुछ ही मिनट में आग पर काबू पा लिया। मुंबई अग्निशमन विभाग के प्रमुख रविंद्र आंबुलगेकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हवाई अड्डे पर केबलों और पैनलों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने कहा, ''आग बिजली आपूर्ति करने वाले केबलों और पैनलों में लगी।'' हालांकि, सूत्रों का दावा है कि आग टर्मिनल एक के एक 'एअरोब्रिज' पर लगी। अग्निशमन विभाग ने 'लेवल-1' (मामूली) आग की सूचना दी थी, जिसके तहत आमतौर पर कम से कम दमकल के चार और अन्य अग्निशमन वाहन मौके पर भेजे जाते हैं।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने पद के दुरुपयोग मामले में मंत्री को बर्खास्त किया

काठमांडू, (भाषा)।

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने पद का दुरुपयोग कर पत्नी को लाभ पहुंचाने के आरोप में बृहस्पतिवार को पदभार संभालने के 15 दिन बाद श्रम, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीप कुमार साह को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सिफारिश पर पद से हटा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने साह के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की थी। साह पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद उन्हें स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में पुनर्नियुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई, जो पद की गरिमा का दुरुपयोग है। साह को बर्खास्त करने के बाद प्रधानमंत्री ने श्रम मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार अपने पास ले लिया है।

इसी बीच, लामिछाने ने स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को भी इस मामले को गंभीरता से न लेने पर चेतावनी देने की सिफारिश की थी। इस पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री ने मेहता को चेतावनी जारी की है।

# असम में 85.89, पुडुचेरी में 89.87 और केरलम में हुआ 78.27 प्रतिशत मतदान..

## पिछले चुनावों से अधिक हुई तीनों राज्यों में वोटिंग..

नई दिल्ली (एजेंसी)।

*देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न हुआ। 1950 में असम के बनने के बाद से राज्य में सबसे ज्यादा 85.89 प्रतिशत मतदान हुआ। इससे पहले 2016 में 84.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में आजादी के बाद सबसे ज्यादा 89.87 प्रतिशत*

मतदान हुआ। इससे पहले का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत (2006, 2011 और 2016 विधानसभा चुनाव) का था। केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.27 प्रतिशत मतदान हुआ। 1977 में रिकॉर्ड 79.2 प्रतिशत मतदान हुआ था। गौरतलब है कि वोटिंग परसेंट के आंकड़े 9 अप्रैल की रात 11.30 बजे तक के हैं। चुनाव आयोग का फाइनल आंकड़े जारी करना बाकी है। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला होगा। 35 जिलों में से 26 से ज्यादा जिलों में 80 प्रतिशत से ऊपर वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 95.56 प्रतिशत मतदान साउथ सलमारा मनकचर जिले में हुआ। सबसे कम 75.25त्न वोटिंग वेस्ट कार्बी एंगलोंग में हुई। असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, बांग्लादेशी मूल के मुसलमान समाज का 95 से 96 प्रतिशत वोट प्रतिशत हुआ करता था लेकिन बाकि जो असमिया समाज है, वहां पर 75-76 प्रतिशत तक का वोट प्रतिशत होता था। इस बार दोनों समाज के बीच प्रतियोगिता रही। पारंपरिक तौर पर जो समाज सक्रिय मतदान करता है उन्होंने तो ज्यादा मतदान किया ही है लेकिन जिस समाज में पारंपरिक तौर पर अधिक मतदान नहीं होता है, उस समाज ने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया है।

### केरलम और पुडुचेरी में यह रही स्थिति..

केरलम में 140 विधानसभा सीटों पर 2.6 करोड़ मतदाता हैं। वहीं 883 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। राज्य के 14 जिले में से दो जिलों में 80 प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग 81.32 प्रतिशत वोटिंग कोझिकोड में हुई। वहीं सबसे कम 70.76 प्रतिशत मतदान पथनमथिट्टा में हुआ। केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुन रहे हैं। पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों में कुल 10 लाख मतदाता हैं।

यहां 89.87 प्रतिशत वोटिंग हुई। केंद्र शासित प्रदेश में कुल दो जिले हैं। सबसे ज्यादा 90.47 प्रतिशत मतदान पुडुचेरी जिले में हुआ। वहीं करईकल में 86.77 प्रतिशत वोटिंग हुई। पुडुचेरी के इतिहास में पहली बार इतनी वोटिंग हुई है।






# बढ़ती लोकप्रियता से भय खाकर दो पूर्व सरपंचों ने किया सरपंच पति आतिश लिल्हारे पर प्राणघातक हमला

## हाथ और पैर फ्रैक्चर के साथ ही सर पर तलवार की चोट भी..

## गंभीर अवस्था मे आतिश लिल्हारे गोंदिया के यूनाईटेड हॉस्पिटल मे भर्ती..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट की राजनीति में कांग्रेस नेता के रुप में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले तथा जनसेवा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने के साथ ही ग्राम विकास को जिद के साथ आगे बढ़ाने वाले यूवा नेता आतिश लिल्हारे पर बढ़ती लोकप्रियता से*

भय खाकर ग्राम के ही दो पूर्व सरपंचों और उनके परिवार के सदस्यों ने मिलकर 7 और 8 अप्रैल की मध्यरात्रि में प्राणघातक हमला कर मरणासन्न स्थिति में पहुंचा दिया, तथा जैसे ही आतिश लिल्हारे पर हमले की जानकारी के बाद उनके परिवारजन आतिश की खोज खबर लेने घटना स्थन पर पहुंचे, आरोपी भाग खड़े हुए, जिससे कि आतिश लिल्हारे के गंभीर जख्मी होने के बावजूद भी प्राणों की रक्षा हो गई।

आतिश लिल्हारे का फिलहाल गोंदिया के यूनाईटेड हॉस्पिटल में डॉ. अभिषेक भालोटिया एवं डॉ. वैभव नासरे की देखरेख में उपचार शुरु है, तथा डॉक्टरों ने बताया कि मरीज को पूरी तरह से रिकवर करते हुए सामान्य स्थिति में आने के लिये छह से 10 महीने भी लग सकते हैं, लेकिन फिलहाल अब मरीज खतरे से बाहर है।

### सुनियोजित किया हमला..

घटना के उपरांत आतिश लिल्हारे के भाई सतीश लिल्हारे ने जगप्रेरणा को बताया कि दिनांक 7 अप्रैल की रात में ग्राम में ही एक परिवार में विवाह समारोह था, जिसमें 2 पूर्व सरपंच और उनके परिवार के सदस्यों ने 15-20 लोगों के साथ मिलकर ग्राम के ही जमनाप्रसाद बिरनवार उम्र 42 वर्ष के साथ रात्रि में 11.15 बजे लगभग जमकर मारपीट की, और जैसे ही इसकी सूचना आतिश लिल्हारे को मिली, आतिश लिल्हारे तुरंत जमनाप्रसाद को बचान के लिये घटना स्थल पर पहुंचे, लेकिन तब पहले से घात लगाकर इंतजार में बैठे कोहकाडीबर के ही पूर्व सरपंच चीमन बिरनवार उम्र 60 वर्ष, और उनके दोनों बेटे गुड्डु बिरनवार, राजु बिरनवार, राजेन्द्र मस्करे और



शैलेन्द्र मस्करे के साथ ही पूर्व सरपंच के पुत्र महेश श्रीराम पिछोड़े एवं अन्य 15-20 लोगों ने मिलकर आतिश लिल्हारे पर पर अचानक लाठी, तलवार, उभारी आदि से प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे कि आतिश लिल्हारे गंभीर अवस्था रुप से जख्मी हो गए।

जैसे ही इस घटना की हमें मिली, हम आतिश लिल्हारे को बचाने के लिये दौड़े, जबकि इस स्थिति में हमलावर सभी आरोपी भाग खड़े हुए। घटना के बाद तुरंत पहले बालाघाट के एक निजी हॉस्पिटल एवं उसके बाद गोंदिया के यूनाईटेड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहां आतिश लिल्हारे का उपचार शुरु है।

### आरोपी खुले घुम रहे, पुलिस कार्यवाही नही कर रही..

गौरतलब है कि इस घटना के बाद गंभीर जख्मी आतिश लिल्हारे के भाई सतीश लिल्हारे ने जगप्रेरणा को यह भी बताया कि प्राणघातक हमला करने वाले हमलावर खुले घुम रहे हैं, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है, जिससे कि अपराधियों के हौसले बुलंद है, और हमारे पुरे परिवार पर खतरा मंडरा रहा है, तथा ग्राम में भी दहशत का माहौल है। सतीश लिल्हारे ने कहा कि हमारी मांग है कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और कड़ी कार्रवाई की जाए।

### आतिश लिल्हारे एक दबंग जुझारु जनप्रतिनिधि..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले की राजनीति में आतिश लिल्हारे एक दबंग और जुझारु आंदोलनकारी जनप्रतिनिधि के रुप में जाने जाते हैं। आतिश लिल्हारे छात्र उम्र से ही एनएसयूआई और युवक कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे हैं, जबकि ग्रामीण राजनीति करते हुए आतिश लिल्हारे स्वयं ग्राम के सरपंच रहे हैं, जबकि वहीं पूर्व में उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी लिल्हारे जनपद सदस्य चुनी गई, वहीं वर्तमान में श्रीमती लक्ष्मी लिल्हारे ग्राम की सरपंच भी है। जनसेवा एवं विकास के लिये आतिश लिल्हारे की पृष्ठभूमि पर बात करें तो आतिश लिल्हारे ने जहां ग्राम की तस्वीर बदलने का काम किया, और पंचायत के माध्यम से विकास की अनेक सौगातें दी, तो वहीं कन्हड़गांव से कोहकाडीबर मार्ग के निर्माण के लिये आतिश लिल्हारे ने भूख हड़ताल तक की, और इसका परिणाम यह रहा कि आतिश लिल्हारे के संघर्ष के आगे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को इस सड़क के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने ही पड़ी। वर्तमान में इस रोड़ का निर्माण कार्य शुरु हो चुका है, तो वहीं ग्राम विकास के लिये आतिश लिल्हारे के ऐसे ही अनेक प्रयास और भी शुरु थे, जिसका परिणाम है कि आतिश लिल्हारे की लोकप्रियता ग्राम के ही कुछ लोगों को चुभने लगी और फिर आतिश लिल्हारे पर प्राणघातक हमला कर दिया गया। आतिश लिल्हारे के भाई सतीश लिल्हारे ने यह भी कहा कि यदि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो संपूर्ण जिले के सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि इस घटना के विरोध में प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होंगे।


## आवश्यकता है..

बच्चो की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..। संपर्क करें.. मनोज सचदेव मो. 9425822975

## आवश्यकता है..

ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वी पास, युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

## आवश्यकता है..

ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी.,12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 924487 2544/9201340520



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरूआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

### जिला कांग्रेस कमेटी ने कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन कर..

# जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर आज सिवनी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को***

ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मोहन यादव सरकार की विफल नीतियों के कारण आज सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के अन्नदाता किसान गेहूँ खरीदी न होने के कारण परेशान है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की उपज गेहूँ फसल के उपार्जन की तारीखे बार-बार बढ़ाई जा रही है, पहले 23 मार्च फिर 01 अप्रेल, 10 अप्रेल और अंत में 15 अप्रेल कर दी गई है, जिस कारण किसान अत्यधिक आक्रोशित है। यह समय किसान एवं अन्य दूसरे लोगो के घरो में बेटा-बेटियो के विवाह के अलावा अन्य मांगलिक कार्यो का रहता है। भाजपा सरकार द्वारा समय पर गेहूँ खरीदी न किये जाने से किसान आर्थिक कमी से अपने पारिवारिक दायित्वों को पूरा नही कर पा रहा है बाध्य होकर उसे सूदखोरो के चंगुल में फसना पड़ रहा है। गेहूँ खरीदी न किये जाने के बावजूद भी सरकार के आदेश से सहकारी संस्थाओं द्वारा ऋण वसूली का किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है, किसान मजबूर होकर डिफाल्टर होने के भय से अपनी फसल को 2000 से 2200 रूपये के औने पौने दामो पर बिचौलियों को बेचने मजबूर हो रहा है, वर्तमान में किसानों को अपनी उपज के समानांतर लागत के चलते जिले के किसानो को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। जिसके फलस्वरूप किसान कर्ज के बोझ तले दबते चले जा रहे है।

जिला कलेक्टर सिवनी के आदेशानुसार किसान यदि अगली फसल की तैयारी के लिए गेहूँ की नरवाई जलाता है ऐसे किसानो पर 5 हजार रूपय का जुर्माना लगाने के आदेश जारी किये गये है, जो कि सर्वथा अनुचित है जिला कांग्रेस द्वारा मांग की गई है कि जिला कलेक्टर इस आदेश को तुरंत वापिस ले या कि नरवाई नष्ट करने के लिए सरकार कोई उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराये।

भारतीय जनता पार्टी के नेता वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने विधानसभा चुनाव पूर्व किसानो को तरह तरह के प्रलोभन देकर सरकार तो बना ली किन्तु अपने किये गये वादो को निभाना भूल गये, प्रदेश का समूचा कृषक वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है।

धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही गैर जिम्मेदारी पूर्ण नीति से प्रदेश का किसान परेशान है प्रदेश सरकार ने 2700 रू. प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदने का वादा किया था, सरकार द्वारा आज तक गेहूँ की खरीदी नही की सिर्फ तारीख पे तारीख देकर किसानों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। एक और जहॉ किसानों का गेहूँ नही खरीदा जा रहा है वही दूसरी और सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानो से की जाने वाली ऋण वसूली को तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर दिया है। जो कि किसानों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी के श्रेणी में आता है श्री मरावी ने कहा कि किसानों के गेहूँ की खरीदी शीघ्र अतिशीघ्र की जाये, नही तो कांग्रेस पार्टी आगामी समय में पुनः आंदोलन करने बाध्य होगी।

धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुये केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठा. रजनीश सिंह ने कहा कि मैंने विधानसभा में बार बार किसानों की समस्याओं को विधानसभा में उठाया इसके बावजूद सरकार ने किसानों के विषय को लगातार नजर अंदाज कर गोल मोल जवाब देती है आज सिवनी जिले में ही नही पूरे प्रदेश में किसानों की हालत बद से बदत्तर है किसान की फसल आ चुकी है सरकार खरीदी में हीला हवाला कर रही है जिस कारण किसानों का गेहूँ घर और खलिहान में रखा हुआ है। मौसम विभाग द्वारा खराब मौसम का अनुमान बताया जा रहा है जिससे उसकी परेशानी ज्यादा बड़ती जा रही है। श्री सिंह ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शत प्रतिशत मुआवजा राशि दी जाये एवं प्रभावित किसानों का फसल ऋण मांफकिये जाने की मांग की।

राजा बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के सिंडीकेट का चल रहा है, किसानों के गेहूँ को खरीदने की तारीखे इस लिए बढ़ाई जा रही है ताकी भाजपा के सिंडीकेट को ही अपना माल बेच सकें, एक दूसरे से श्रेय लेने के लिए सिंडीकेट के मुखिया जिले की सांसद, विधायक, पूर्व विधायक एवं जिला भाजपा अध्यक्ष यदि ये लोग किसानों के हित में एक आंदोलन कर देते तो किसानों की समस्या समाप्त हो जाती। भाजपा सरकार द्वारा गेहूँ खरीदी की टाईम लाईन बार बार बढ़ाई जा रही है जो कि अनुचित है बिचौलियों को औने मौने दामो पर गेहूँ खरीदी का मौका दिया जा रहा है। श्री बघेल ने आगे कहा कि सिवनी से खाद की बोरियॉ छिन्दवाड़ा भेजी जा रही है भाजपा का सिंडीकेट इस मामले में चुप्पी साधे हुये है।

किसान आंदोलन को मोहनसिंह चंदेल, जेपीएस तिवारी, खुमानसिंह ठाकुर, देवेन्द्रसिंह ठाकुर, तेजसिंह रघुवंशी, दिनेश सिंह ठाकुर, प्रभात सिंह ठाकुर, मुबारक खान, दुपेन्द्र अमूले, नितिन डेहरिया, मनोज राहंगडाले, देवेन्द्र सरवैया, हुकुमचंद सनोडिया, शिवदीप डेहरिया, विष्णु करोसिया, प्रभातसिंह ठाकुर, नितिन डेहरिया, धनंजयसिंह, विनोद यादव, शुभम सनोडिया ने सम्बोधित किया। धरना आंदोलन में जिला कांग्रेस संगठन सहित भारी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन..



जगप्रेरणा घंसौर।

***मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घंसौर के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से ग्राम स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम***

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं विकास खंड समन्वयक श्रीमती मधुबाला चौरसिया के मार्गदर्शन में ग्राम पद्दीकोना में परामर्शदाता, दीपक कुमार यादव, मगरधा में रघुवंश डेहरिया द्वारा दिनांक 08/04/2026 को प्रशिक्षण दिया गया।

मानव जीवन, प्रकृति और समाज के बीच संतुलन पर आधारित है किंतु समय-समय पर आने वाली प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाएं इस संतुलन को चुनौती देती रही है, भूकंप, बाढ़, सूखा, अग्निकांड, जंगल की आग, शीत लहर, लू लहर, महामारी एवं अन्य आकस्मिक घटनाएं न केवल जन-धन की हानि करती हैं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक संरचना को भी प्रभावित करती हैं, आपदा से सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में परामर्शदाता दीपक कुमार यादव के द्वारा प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया गया, में प्रस्फुटन समिति सेक्टर क्रमांक 5 के अध्यक्ष नारायण दास तांडे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चरगांव और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पद्दीकोना अध्यक्ष विशन परते सरपंच खेमसिंह सचिव कैलाश पटेल एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न किया गया।

# तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु परिचर्चा बैठक सहित कार्यशाला का आयोजन..



जगप्रेरणा छपारा।

***08 अप्रैल को सहभागिता भवन कार्यालय मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त सिवनी में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 की रणनीति निर्धारण एवं अन्य लघु वनोपज संग्रहण के संबंध में वन***

वृत्त स्तरीय परिचर्चा बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। विदित हो कि उक्त कार्यशाला में सुश्री संध्या वन संरक्षक वन वृत्त सिवनी, श्रीमति गीतांजली जे. मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ भोपाल, डॉ. महेन्द्र सिंह उईके वनमण्डलाधिकारी उत्तर सिवनी, गौरव मिश्रा वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी, कल्पना तिवारी वनमण्डलाधिकारी नरसिंहपुर वनमण्डल, रेशम सिंह धुर्वे वनमण्डलाधिकारी उत्तर बालाघाट वनमण्डल सहित समस्त उपवनमंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, पोषक अधिकारी, फंड अभिरक्षक आदि इस कार्यशाला उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पिपरिया पंचायत में बना रपटा







जगप्रेरणा बरघाट।

***सिवनी जिले के जनपद पंचायत बरघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में तालाब में बना रपटा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा गया है, ग्रामीणों ने बताया कि लाखों की लागत से पंचायत भवन के***

सामने तालाब में रपटा का निर्माण कराया गया है, निर्माण कार्य एजेंसी के द्वारा बड़ी अनियमितताएं सामने आई है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, निर्माण कार्य स्थल से सूचना पटल गायब है निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी से ग्रामीण पूरी तरह अनजान है। निर्माण कार्य एजेंसी ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

### निर्माण कार्य स्थल से सूचना पटल गायब..

जनपद पंचायत बरघाट की ग्राम पंचायत पिपरिया में बड़ा भ्रष्टाचार होने का आरोप ग्रामीण लगा रहे है। तालाब में बने रपटे में निर्माण किया गया है एजेंसी ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर राशि का बंदरबाट किया गया है। निर्माण कार्य की जानकारी से ग्रामीण पूरी तरह अनजान है निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी आज दिनांक तक निर्माण स्थल पर संबधित सूचना बोर्ड नहीं लगा है। निर्माण कार्य में बड़ा भ्रष्टाचार होने की आशंका ग्रामीण जता रहे है।

### मामले की जांच कराने की मांग..

पिपरिया ग्राम पंचायत भवन के सामने तालाब के रपटा का निर्माण कराया गया है, जिसकी शिकायत अधिकारियों को होने के बाद अधिकारी अब तक कोई जांच नहीं कर रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है निर्माण कार्य में घटिया सामग्री मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है निर्माण कार्य एजेंसी के द्वारा बड़ी गड़बड़ी की गई है,

तालाब में बना घटिया इसी बरसात में क्षतिग्रस्त होने की बात ग्रामीण कह रह।निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी से ग्रामीण पूरी तरह अनभिज्ञ है, निर्माण कार्य स्थल से सूचना पटल गायब है। निर्माण कार्य की जांच करने की मांग जिला कलेक्टर से ग्रामीण कर रहे हैं।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद
7898530101

# विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर निःशुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर आज





जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को डॉ.सैमुएल हैनीमैन का जन्मदिवस विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है।***

इस अवसर पर वर्ष 2026 में 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' थीम अंतर्गत आमजन के हित में निःशुल्क मेगा होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 10 अप्रैल प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक आयुष विंग, जिला चिकित्सालय परिसर सिवनी में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया जाएगा। होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्राकृतिक एवं प्रभावी उपचार पद्धति है, जो सभी आयु वर्ग के लिए उपयुक्त है तथा दीर्घकालिक एवं सामान्य रोगों के उपचार में उपयोगी सिद्ध होती है। यह पद्धति रोग के मूल कारण पर कार्य करते हुए व्यक्ति-विशेष के अनुसार उपचार प्रदान करती है। आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ प्राप्त करें।

# रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

जगप्रेरणा सिवनी।

***कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला अस्पताल सिवनी में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई।***

बैठक में विधायक श्री दिनेश राय, मेडिकल कॉलेज सिवनी के डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी, सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं के उन्नयन, मरीजों एवं परिजनों की सुविधाओं में सुधार तथा समिति की वित्तीय स्थिति एवं आय-व्यय की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई।

चिकित्सकीय सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने अस्पताल परिसर की सड़कों के सुधार, निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, मरीजों के परिजनों के लिए बैठने की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, सीवर लाइनों को ढकने तथा समुचित रोशनी एवं साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## कम परीक्षा परिणाम पर सख्ती, 61 विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस..

जगप्रेरणा सिवनी।

कार्यालय, जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा में कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही प्रारंभ की गई है। परीक्षा परिणाम के विश्लेषण में कक्षा 5वीं के 42 एवं कक्षा 8वीं के 19, कुल 61 विद्यालयों का परिणाम 40 प्रतिशत या उससे कम पाया गया है। इनमें कक्षा 5वीं के 14 तथा कक्षा 8वीं के 2 विद्यालयों का परिणाम शून्य प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में संबंधित संस्था प्रमुखों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने वॉल्व मैन सह पंप ऑपरेटर प्रशिक्षण का किया शुभारंभ





**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्य प्रदेश जल निगम पीआईयू छिंदवाड़ा अंतर्गत क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र सिवनी में आयोजित तीन दिवसीय वॉल्व मैन सह पंप ऑपरेटर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण जल आपूर्ति व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु तकनीकी दक्षता एवं जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लागू करने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन के उद्देश्य, ग्रामीण जल प्रदाय प्रणालियों की संरचना तथा संचालन एवं संधारण **(O&M)** नीति की जानकारी दी गई। साथ ही टूल किट के उपयोग, आवश्यक सामग्रियों तथा टंकी, पाइपलाइन एवं वाल्व जैसे प्रमुख घटकों के संचालन संबंधी तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर सत्र में ग्राम पंचायत, पानी समिति एवं ऑपरेटरों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त **HDPE/PVC** पाइप जॉइंटिंग, सुरक्षा उपायों तथा पाइपलाइन से जुड़ी सामान्य समस्याओं एवं उनके समाधान की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन अभ्यास के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के नरेश कुवाल,जीएम अविनाश दिवाकर, विभागीय प्रतिनिधि, डीजीएम बसंत कुमार बलवंशी, प्रबंधक अभिषेक प्रधान, जन सहभागिता विशेषज्ञ विजय बारेवार सहित जल जीवन मिशन एवं एसक्यूसी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना कर बालाघाट के वार्ड नंबर 25 में

# भाजपा सरकार और प्रशासन खुद शराब दुकानों को प्रोत्साहित कर रही.. - विधायक संजय उईके..

### वार्ड नं. 25 में शराब दुकान के विरोध में जनता का समर्थन करने आंदोलनरत महिलाओं के बीच पहुंचे कांग्रेस विधायक..

### विधायक संजय उईके, अनुभा मुंजारे, विवेक पटेल ने जताया शराब दुकान का विरोध..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट के वार्ड नंबर 24 की शराब दुकान को वार्ड नंबर 25 में स्थापित किया जा रहा है, तथा सबसे बड़ी बात यह शराब दुकान भाजपा की ही एक पूर्व जनप्रतिनिधि के स्वामित्व के स्थान पर शुरु करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका विरोध जहां अब वार्ड नंबर 25 की महिलाएं, पुरुष और सभी नागरिक कर रहे हैं, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर भी स्वयं इस शराब दुकान***

के विरोध में पिछले दो दिनों से डटी नजर आई, लेकिन अब इस शराब दुकान के विरोध में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि भी मुखर हो गए हैं, और उन्होंने वार्ड नंबर 25 में पहुंचकर महिला आंदोलनकारियों के बीच उपस्थित होकर शराब दुकान का विरोध किया, तथा वार्ड की आंदोलनकारी महिलाओं के आंदोलन को समर्थन देते हुए भाजपा सरकार को इस शराब दुकान के संचालन के लिये जिम्मेदार बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना करार दिया।

### बोले विधायक संजय उईके..

वार्ड नंबर25 पहुंचे बालाघाट जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय सिंह उईके ने कहा कि यह वार्ड जहां शराब दुकान का विरोध किया जा रहा है, यह नगर पालिका अध्यक्ष का वार्ड है, वे स्वयं महिला है, इसके बाद भी दुख की बात है कि उनके रहते हमारी बहनों को शराब दुकान के विरोध में आंदोलन करना पड़ रहा है। विधायक श्री उईके ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि जहां कहीं भी स्कूल, कॉलेज एवं सार्वजनिक उपक्रम के संस्थान हों, या फिर रिहायशी इलाका हो, वहां से 100 मीटर की दूरी पर ही शराब दुकान को अनुमति दी जा सकती है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि नियम विरुद्ध शराब दुकान के संचालन की अनुमति भाजपा की सरकार द्वारा दी जा रही है। श्री उईके ने कहा कि हम आम जनता की मांग का समर्थन करते हैं, और यदि सरकार और प्रशासन ने इस शराब दुकान को स्थानांतरित नहीं किया तो हम आंदोलन में आम जनता के साथ खड़े रहेंगे। हमारी मांग है कि जनता की भावनाओं का सम्मान तथा नियमों का पालन करते हुए शराब दुकान हटाई जानी चाहिये।

### बोली अनुभा मुंजारे..


विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि जिला प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरुप कार्य करना चाहिये, लेकिन वार्ड नंबर 25 में शराब की नई दुकान शुरु की जा रही है, इसके पहले भी शराब दुकान विवेक ज्योति स्कूल के पास खोली जा रही थी। आज हमारे जिले का कन्या विद्यालय और महाविद्यालय यहां से करीब है। महिलाओं और बच्चियों का यहां से रात और दिन आवागमन होता है, और शर्मनाक बात है कि यहां पर शराब दुकान को अनुमति देने का कार्य किया जा रहा है, और अब तक भाजपा के जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, गौरीशंकर बिसेन और जितने भी भाजपा सरकार के प्रतिनिधि हैं, उनको इस शराब दुकान का विरोध करना चाहिये, लेकिन वो अनुमति देकर वो नियमों का उल्लंघन करते हुए जनता के साथ अन्याय कर रहे हैं। इस शराब दुकान के मामले में भाजपा नेताओं की भूमिका को देखते हुए वार्ड की और नगर की तथा जिले की जनता को भाजपा नेताओं के चाल, चरित्र और चेहरे को पहचान लेना चाहिये।

### यह रहे उपस्थित..

**वार्ड नंबर 25 में आम जनता के आंदोलन के दौरान प्रमुख रुप से विधायक विवेक पटेल, प्रदेश कांग्रेस सचिव अनुप सिंह बैस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी, राहुल सिंह बैस, अशोक सिंह बैस, श्रीमती अंजु जायसवाल, छबीराम नागेश्वर, नीटु कौशल, दयाल वासनिक, शहबाज खान, नंदु पिपलेवार, गौरव नगपुरे संहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।**

डॉ. सैमुअल हैनिमैन जयंती पर

# आज 10 अप्रैल को संपूर्ण बालाघाट जिले भर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती के अवसर पर आयुष विभाग, जिला बालाघाट द्वारा 10 अप्रैल 2026 को जिले की सभी होम्योपैथी औषधालयों में विशेष स्वास्थ्य शिविर***

एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम होम्योपैथिक औषधालय बालाघाट, बैहर, लांजी, मेहंदीवाड़ा, कुम्हारी एवं परसवाड़ा में आयोजित होंगे, जहां आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, होम्योपैथिक परामर्श, औषधि वितरण तथा जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही लोगों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतों एवं इसके सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डॉ. चौधरी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इन निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें।




बालाघाट के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास.

# जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 09 अप्रैल को सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संपन्न हुआ।***

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा से जुड़े विषयों पर अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. कृष्णा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कु. रोशनी पटले तथा तृतीय स्थान कु. ममता भलावी ने हासिल किया। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, धर्म, संस्कृति और विरासत से जोड़ना है। साथ ही युवा पीढ़ी को महान शासक सम्राट विक्रमादित्य के न्यायप्रिय, वीर, कला-प्रेमी और दूरदर्शी व्यक्तित्व से परिचित कराना है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष ज्ञान, शौर्य और सांस्कृतिक योगदान की जानकारी दी गई। यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक सार्थक पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. कंचन मसराम, डॉ. रचना कोरी तथा प्रो. चित्रमाला भीमटे सहित महाविद्यालय का स्टाफउपस्थित रहा।

# किसानों को 3100 रुपये समर्थन मूल्य, लाडली बहना के 3 हजार और महंगाई के विरोध में बालाघाट में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन..

### भाजपा की मोहन यादव सरकार पर लगाये वादाखिलाफी के आरोप..

### बोले मोदी गारंटी हर बार झूठी साबित हुई..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला मुख्यालय में आज 10 अप्रैल को शहर कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में काली पुतली चौक पर एक जनसभा के साथ कांग्रेस द्वारा***

धरना प्रदर्शन आंदोलन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय सिंह उईके, विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक विवेक पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, प्रदेश कांग्रेस सचिव अनुप सिंह बैस, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, महिला कांग्रेस नेत्री श्रीमती अंजु जायसवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी, जुगल शर्मा, नीटु कौशल, शफकत खान, जावेद अली, टामेश्वर पटले, नवीन चौधरी, अनिल सोनी, दिनेश धुर्वे, तुलसी कावरे, आशुतोष डहरवाल, दयाल वासनिक, शिवम विश्वकर्मा, छबीराम नागेश्वर, उम्मेद लिल्हारे, शमीम सिद्दीकी, संदेश सैयाम, कारो लिल्हारे, कपिल बर्वे, देवेन्द्र बिसेन, शेरसिंह देशमुख संहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### बोले विधायक संजय उईके..

विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय सिंह उईके ने अपने भाषण में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 'मोदी गारंटी' के नाम का उल्लेख करते हुए धान का 3100 रुपये समर्थन मूल्य घोषित करने का वादा और दावा किया था, श्री उइके ने कहा कि छ.ग. में हमारी कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार किसानों को 3100 रुपये समर्थन मूल्य दे रही थी। लेकिन भाजपा ने मोदी गारंटी के नाम पर जनता को बेवकूफ बनाया और अब सरकार का आधा कार्यकाल खत्म होने आ गया लेकिन मोदी गारंटी पूरी नहीं हुई। प्रदेश का किसान अपने आपको ठगा महसुस कर रहा है। इसी प्रकार गेहूं का 2700 रुपये समर्थन मूल्य देने का वादा किया था, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया गया। गेहूं खरीदी की तारीखें लगातार बढ़ाई जा रही हैं, जिससे किसानों को कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही है। संजय उईके ने आगे कहा कि लाडली बहनों को भी चुनाव के बाद तुंरत ही 3000 रुपये देने का वादा भाजपा सरकार ने किया था, लेकिन भाजपा की सरकार लाडली बहनों के वादे से भी मुकर गई।

### इन्होंने भी किया संबोधित..

**विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे, विवेक पटेल, अनुप सिंह बैस, उम्मेद लिल्हारे, श्याम पंजवानी, शमीम सिद्दीकी आदि ने भी संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर भी सरकार कुछ नहीं कर रही है। रसोई गैस की किल्लत नहीं है, ये कहा जा रहा है कि लेकिन रसोई गैस नहीं मिल रही है, ये आप हम और सभी होटल संचालक देख रहे हैं।**





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

## परसवाड़ा में गूंजा नवकार महामंत्र, विश्व शांति के लिए हुआ सामूहिक जप





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***बालाघाट जिले के परसवाड़ा में गुरुवार, 9 अप्रैल को नवकार महामंत्र दिवस बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के साथ-साथ सर्वसमाज के लोगों ने एकजुट होकर विश्व शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक उन्नति के लिए सामूहिक जाप किया।***

नगर के जैन भवन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सुबह 08:01 बजे से 09:36 बजे तक कुल 96 मिनट तक नवकार महामंत्र का जाप किया गया। इस दौरान पूरे विश्व में एक साथ मंत्रोच्चार होने से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी विमल कोचर ने बताया कि नवकार मंत्र जैन धर्म का सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र मंत्र है, जो पंच परमेष्ठी को समर्पित है। इसके नियमित जाप से आत्मशुद्धि, मानसिक शांति, एकाग्रता और आध्यात्मिक विकास की प्राप्ति होती है। साथ ही यह पापों के नाश और पुण्य संचय में भी सहायक माना जाता है। शिक्षक सीएल चौधरी ने जानकारी दी कि यह आयोजन केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विश्व के 108 देशों में लोगों ने एक ही समय पर इस महामंत्र का जाप कर वैश्विक एकता का संदेश दिया।

यह आयोजन चैत्र मास में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह समय भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक का भी होता है। इस पावन अवसर पर किए गए जाप को अत्यंत फलदायी माना जाता है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल जैन समुदाय तक सीमित नहीं था, बल्कि सभी धर्मों के लोगों को एक मंच पर लाकर शांति, अहिंसा और करुणा का संदेश फैलाना था। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शिखरचंद जैन, जनपद सदस्य रामेश्वर धानेश्वर, व्यवसायी विमल कोचर, हुकमचंद जैन, नरेश बिठले, पंकज जैन, प्रफुल्ल जैन, संजय जैन, पियूष कोचर, दर्शन जैन, सिद्धार्थ जैन, अमित जैन, राकेश कोचर, ऋषभ जैन, चिराग जैन, विशाल महानंद, राकेश मिश्रा, शिक्षक सीएल चौधरी, वाय के राहंगडाले, ओम प्रकाश चंद्रे, डीआर मस्करे, संजय राहंगडाले, अशोक दुरूकक्कर, श्रीश अवधिया, यूनेश चौधरी, डीआर अहिरवार, संभव कोचर सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## ग्रामों में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु नए ट्रांसफार्मर स्थापित





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***परसवाड़ा वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले ग्राम शेरपार, दलवाड़ा एवं नागझोला में बढ़ते विद्युत भार को ध्यान में रखते हुए बिजली व्यवस्था को सुचारू एवं बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।***

वर्तमान में इन ग्रामों में वोल्टेज की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से पुराने ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाकर नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं।

ग्राम शेरपार में पहले लगे 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। वहीं ग्राम दलवाड़ा एवं नगझोला में भी ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाकर 100 केवीए और 63 केवीए के नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं।

इसके साथ ही विद्युत लाइनों का भी रखरखाव एवं सुधार कार्य किया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति और अधिक विश्वसनीय एवं सुचारू हो सके। इस पहल से विशेष रूप से गर्मी के मौसम में वोल्टेज की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

इस कार्य में वितरण केंद्र परसवाड़ा के सहायक अभियंता ए.के. पाटले, जूनियर इंजीनियर तोमेश्वर चौधरी, वितरण केंद्र प्रभारी यादुनाथ राणा एवं महेश उइके का विशेष योगदान रहा। साथ ही परीक्षण सहायक प्रेम, सुमित, अनिल, कृष्णा और संजय ने भी कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अब बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

## ग्रामों में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु नए ट्रांसफार्मर स्थापित





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***परसवाड़ा वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले ग्राम शेरपार, दलवाड़ा एवं नागझोला में बढ़ते विद्युत भार को ध्यान में रखते हुए बिजली व्यवस्था को सुचारू एवं बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।***

वर्तमान में इन ग्रामों में वोल्टेज की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से पुराने ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाकर नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं। ग्राम शेरपार में पहले लगे 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर के स्थान पर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। वहीं ग्राम दलवाड़ा एवं नगझोला में भी ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाकर 100 केवीए और 63 केवीए के नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं।

इसके साथ ही विद्युत लाइनों का भी रखरखाव एवं सुधार कार्य किया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति और अधिक विश्वसनीय एवं सुचारू हो सके। इस पहल से विशेष रूप से गर्मी के मौसम में वोल्टेज की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इस कार्य में वितरण केंद्र परसवाड़ा के सहायक अभियंता ए.के. पाटले, जूनियर इंजीनियर तोमेश्वर चौधरी, वितरण केंद्र प्रभारी यादुनाथ राणा एवं महेश उइके का विशेष योगदान रहा। साथ ही परीक्षण सहायक प्रेम, सुमित, अनिल, कृष्णा और संजय ने भी कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अब बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 09 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागों से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।***

इस दौरान अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिये गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कुपोषण मुक्त बनाने के लिए आंगनवाड़ी बच्चों की नियमित निगरानी के निर्देश

बैठक में सर्वप्रथम महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान आंगनवाडी के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए सेम (एसएएम) श्रेणी के बच्चों को चिन्हित करने एवं उनका उपचार कराने के निर्देश दिये गए।

सेम श्रेणी के बच्चें चिन्हित करने के लिए सभी आंगनवाडी केंद्रो में बच्चों का वजन लेने का अभियान नियमित रूप से चलाया जाए। सेम श्रेणी के चिन्हित बच्चों को पोषण आहार प्रदाय करने के साथ ही उन्हें उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केंद्रो में भर्ती कराया जाए। सेम श्रेणी एवं मेम (एमएएम) श्रेणी के बच्चों एवं कुपोषण से मुक्त हुए बच्चों की पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से निगरानी रखी जाए और इसमें बच्चों के वजन से लेकर उपचार एवं कुपोषण के बाद की देखभाल तक एंट्री की जाए। बैठक में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों का पंजीयन अनिवार्य रूप से करने एवं बच्चों कों स्कूल पूर्व शिक्षा दिलाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान परसवाडा सीडीपीओ का कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर उनका 01 इन्क्रीमेंट रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में एमएमबास्क के अंतर्गत डिस्चार्ज बच्चों में से रिकवर्ड बच्चों की स्तिथि की विस्तार समीक्षा की गयी। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना नें महिला बाल विकास अधिकारी कों कहा की यदि कोई भी बच्चें का वजन 03 सप्ताह से समान आ रहा है तो वे इसे अवश्य चेक करें ताकि किसी भी प्रकार की गलत रिपोर्ट तैयार न होने पाए।

### गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर एएनसी जाँच के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना नें सीएमएचओ कों निर्देशित किया कि माता के गर्भवती होते हीं उसकी एएनसी जाँच अनिवार्य रूप से कि जाए और उसकी रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज कि जाए। बैठक में कलेक्टर श्री मीना नें सभी बीएमओ कों सख्त निर्देश दिए कि वे सार्थक ऐप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें अन्यथा उन पर कार्यवाही कि जाएगी।

## प्रशासनिक जिम्मेदारी में विस्तार: डी.डी. ठाकरे को सहायक संचालक जनजातीय कार्य का अतिरिक्त प्रभार



**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***जनजातीय कार्य विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विभाग ने एक अहम निर्णय लिया है। विभाग में पदस्थ अधिकारी विनय राहगडाले के सेवानिवृत्त होने के बाद उत्पन्न रिक्त पद को देखते हुए डी.डी. ठाकरे को सहायक संचालक जनजातीय कार्य,***

बालाघाट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस निर्णय से विभागीय कार्यों के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने की दिशा में कदम माना जा रहा है। डी.डी. ठाकरे मूलतः लालबर्रा तहसील के ग्राम सेलवा के निवासी हैं और वर्तमान में परसवाड़ा विकासखंड में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के रूप में पदस्थ हैं। शिक्षा विभाग में उनकी कार्यशैली और अनुभव को देखते हुए उन्हें यह अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक दक्षता और अनुशासन के लिए जाने जाते रहे हैं। श्री ठाकरे का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव काफी व्यापक रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत शिक्षा विभाग में भौतिक शास्त्र के व्याख्याता के रूप में की थी, जहां उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसवाड़ा में प्राचार्य के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उनके नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिली। वर्तमान में बीईओ के रूप में भी उन्होंने विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अब सहायक संचालक जनजातीय कार्य का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद उनकी जिम्मेदारियां और बढ़ गई हैं। इस नई भूमिका में वे बालाघाट जिले में जनजातीय वर्ग के लिए संचालित शासकीय योजनाओं और शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन, निगरानी एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विभागीय सूत्रों के अनुसार, श्री ठाकरे के अनुभव और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे विभागीय कार्यों में निरंतरता बनी रहे और योजनाओं का लाभ समय पर हितग्राहियों तक पहुंच सके। उनके इस नए दायित्व से विभाग में कार्यों की गति और प्रभावशीलता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## ग्राम चिचगांव के डॉ. धर्मेश राहंगडाले ने हासिल की एमबीबीएस डिग्री, क्षेत्र में गर्व और हर्ष का माहौल..



**जगप्रेरणा बिरसा।**

***बालाघाट जिले के बिरसा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम चिचगांव के होनहार युवक धर्मेश राहंगडाले ने एमबीबीएस (MBBS) की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर अपने परिवार, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।***

उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल व्याप्त है। धर्मेश राहंगडाले, शिक्षक ढालसिंह राहंगडाले एवं माता मधु राहंगडाले के सुपुत्र हैं। साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और निरंतर लगन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

धर्मेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मोंटफोर्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, गर्राटोला से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाया और चिकित्सा क्षेत्र जैसे कठिन एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्र में सफलता हासिल की।एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, जिसे उन्होंने अपने अथक प्रयासों और समर्पण के बल पर संभव बनाया। उनकी इस सफलता पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी धर्मेश की इस उपलब्धि को समाज के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि ऐसे युवा ही देश और समाज का भविष्य उज्ज्वल बनाते हैं।

ग्राम चिचगांव सहित आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए धर्मेश राहंगडाले एक प्रेरणा स्रोत बनकर उभरे हैं। उनकी इस उपलब्धि से यह संदेश मिलता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। धर्मेश राहंगडाले की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे बालाघाट जिले को भी गौरवान्वित किया है। समाज के लोगों को उनसे आशा है कि वे भविष्य में चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज की सेवा करते हुए जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे।







शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900




## कटंगी में जैन समाज द्वारा किया गया नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप..





जगप्रेरणा कटंगी।

***बालाघाट जिले के कटंगी तहसील मुख्यालय में जैन मंदिर प्रांगण में विश्व नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सकल जैन समाज ने किया, जिसमें नगर के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।***

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन से हुई। मंदिर परिसर को रंगीन सज्जा और ध्वज-पताकों से सजाया गया था। साधु-साध्वियों के सान्निध्य में जैन बंधुओं ने एक स्वर में नवकार महामंत्र का उच्चारण किया। वातावरण भक्तिमय हो गया और पूरा प्रांगण मंत्र की गूंज से गुंजित रहा।

आयोजकों ने बताया कि नवकार मंत्र शांति, समता और कल्याण का प्रतीक है। इसका उद्देश्य विश्व में सद्भावना और आपसी प्रेम का विस्तार करना है। जाप के बाद सामूहिक प्रार्थना की गई, जिसमें सर्वजन हिताय और विश्व शांति की कामना की गई। कार्यक्रम में सकल जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य, महिला मंडल, युवक-युवती परिषद के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक प्रमुख रूप से शामिल हुए। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने समाज की एकता और धार्मिक आयोजनों की महत्ता पर अपने विचार रखे।

उन्होंने ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को संस्कार और नैतिकता की शिक्षा मिलने की बात कही। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण हुआ और सभी को धर्मलाभ लेने का अवसर मिला। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इसे अत्यंत पुण्यदायी और प्रेरणास्पद बताया। आयोजन ने नगर में शांति और सौहार्द्र का संदेश दिया।

## महकेपार के शिव मंदिर समिति ने पेश की मानवता की मिसाल..

### 5 माह बाद मिला परिजनों को मिला गुम इंसान



गौरव अग्रवाल, जगप्रेरणा महकेपार।

***बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के ग्राम महकेपार की शिव मंदिर समिति ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए करीब 05 माह से गुम मानसिक रुप से विक्षिप्त एक 26 वर्षीय युवक को उसके परिजनों से मिलवाया है।***

इस कार्य में महकेपार पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगो का भी सराहनीय योगदान रहा है। मिली जानकारी अनुसार गोंदिया जिले के आमगांव तहसील के ग्राम जावरी का राकेश मेन्द्रे करीब 05 माह पूर्व घर पर बिना कुछ बताएं लापता हो गया था। परिजनों ने हर जगह उसकी तलाश की लेकिन जब कहीं कोई पता नहीं चला तो 05 नवंबर 2025 को पुलिस थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस और परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे लेकिन उन्हें राकेश का कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच 08 अप्रैल की शाम महकेपार की शिव मंदिर समिति ने एक अज्ञात व्यक्ति को घूमते देखा और उससे बातचीत की। इस दौरान युवक ने अपने गांव का नाम बताया। समिति के पदाधिकारियों ने मानवता का परिचय देते हुए उसके प्रति प्रेम, दया, सहानुभूति दिखाई। गुरुवार की सुबह करीब 08 बजे पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने गोंदिया जिले की पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद राकेश के बारे में पूरी जानकारी मिली। पुलिस ने राकेश को उसके परिजनों के सुर्पूद कर दिया है।

## 12 अप्रैल को तिरोड़ी में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन..

**जगप्रेरणा तिरोड़ी।**

नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम एवं भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम मॉयल लिमिटेड के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन 12 अप्रैल को स्थानीय मॉयल मंगल भवन संपन्न होगा।

आयोजन के प्रथम चरण में दोपहर 11 बजे से नवोदित कवियों को मंच प्रदान करने की दिशा में ÷ युवा कवि सम्मेलन÷ होगा जिसमें मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के 15 प्रतिभाशाली युवा कवि काव्य पाठ करेंगे।

द्वितीय चरण में साहित्यिक विचार गोष्ठी ÷ नवोदित कवियों के लिए कवि समागम की प्रासंगिकता÷ विषय पर विभिन्न मंचीय साहित्यकार के मध्य चर्चा होगी।

तृतीय चरण में संध्या 8 बजे के मुख्य समारोह में युवा कवयित्री ऋचा कटरे के काव्य संग्रह और किशोर टेंभूरकर के पर्यावरण गीत का विमोचन किया जायेगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित साहित्यकारों, समाजसेवी और नगर के गणमान्य जेष्ठ नागरिकों, गत वर्ष कक्षा दसवीं, बारहवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रों का अभिनंदन किया जायेगा। तत् पश्चात् होगा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन। जिसमें लोकप्रिय कवि विनोद नयन जबलपुर, विरेन्द्र विद्रोही ललितपुर उत्तर प्रदेश, राजकुमार महोबिया उमरिया, डॉ सुरेश पैगवार जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़, अशोक विद्रोही पाथाखेड़ा, मशहूर शायर शादाब अंजुम नागपुर महाराष्ट्र, पंकज जूगनू वर्धा, निशा आनंद तिवारी भिलाई, प्रमिला किरण इटारसी, माधुरी किरण बालाघाट, कुशल जैन बालाघाट, किशोर सागर बालाघाट काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम संयोजक दिनेश देहाती, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विगत 22 वर्षो से हो रहे इस भव्य आयोजन में नगर एवं क्षेत्र के काव्य प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के विशेष प्रयासों से

## वारासिवनी में रेल्वे ट्रेक पर 250 मीटर लंबे वारा फ्लाई ओवर ब्रीज का आज होगा शुभारंभ..

### वारा ओवर ब्रिज व रामपायली बिठली पूल के लोकार्पण के लिये जल्द हो रहा है मुख्यमंत्री का वारासिवनी आगमन - बोले पूर्व विधायक..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***मध्यप्रदेश और केन्द्र में भाजपा की सरकार होने के चलते पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रिय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी संहित तत्कालीन रेल मंत्री के माध्यम से वारासिवनी विधानसभा***

क्षेत्र की तमाम अतिआवश्यक जरुरतों को पूरा करने का कार्य पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने कर दिखाया था, जिसके चलते अब विगत अनेक समय से चल रहा निर्माण कार्य अब पूर्ण हो चुका है, तथा वारासिवनी में बालाघाट वारासिवनी मुख्य सड़क पर रेलवे ट्रैक पर आज से ओवरब्रिज पर नागरिकों का आवागमन शुरु कर दिया जायेगा। वारासिवनी नगर के लिये निश्चित ही आज का दिन ऐतिहासिक दिन साबित होगा क्योंकि इस ओवरब्रीज के निर्माण के शुरु होने और पुरे होने का क्षेत्र की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही थी।

निश्चित ही माना जा सकता है कि सरकार के प्रतिनिधि के रुप में पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के प्रयास आज सफ्लीभूत होने के साथ ही नगर की जनता की एक बड़ी मांग पूरी हो जा रही है।

### शीघ्र ही मुख्यमंत्री जी के हस्ते होंगे कार्यों के लोकार्पण..

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने आज वारासिवनी में अपने कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, तथा कहा कि आज 10 अप्रैल शुक्रवार को 250 मीटर लंबे वारा रेल्वे ट्रेक पर फ्लाई ओवर की शुरूवात होगी, जो क्षेत्रवासीयो के लिये हर्ष का विषय है।

भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, वरिष्ठ नेताओ में कन्हैयालाल नगपुरे, चिरौंजी पारधी, वारा सरपंच सूर्यभान सिंह पुसाम, सुनील बंटी पारधी, जप सदस्य श्रीराम गौतम, रामसिंह पटेल, पप्पू हरिनखेडे, वाईकर पारधी, मंडल अध्यक्षो मे संदीप मिश्रा, मिलिन्द नगपुरे, वेदप्रकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### आज का दिन इतिहास में रखा जायेगा याद..

मिडिया के सवालो में श्री जायसवाल ने कहा की सबसे पहले हम मप्र सरकार को प्रदेश के दूसरे सबसे बडे पूल के निर्माण मे सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित करते है। 10 अप्रैल शुक्रवार से हम रेल्वे ओवर ब्रिज वारा को जनता को समर्पित कर आवागमन शुरू करने जा रहे है। इसी प्रकार श्री जायसवाल ने जानकारी दी कि गत दिवस हमने भोपाल में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मान. डॉ. मोहन यादव को भी वारा फ्लाईओवर व रामपायली बिठली वृहद पूल के निर्माण कार्य के पूर्ण हो जाने पर दोनो पुल के लोकार्पण समारोह के लिये आमंत्रित कर दिया है।

मुख्यमंत्री जी ने जल्द वारासिवनी आकर इस समारोह में शामिल होने की सहमती प्रदान कर दी है। पूर्व मंत्री श्री जायसवाल ने प्रेस को बताया कि सांकेतिक रूप से वारा फ्लाईओवर में सांसद भारती पारधी, जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, जप अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, नपा परिषद अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे, मंडलो के अध्यक्ष, पदाधिकारीयो के साथ प्रातः 10 बजे से आवागमन शुरू करने जा रहे हैं, जिससे अब क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी आवागमन के विषय मे ना हो।

### मात्र दो साल की अवधि में तैयार हो गया फ्लाई ओवर..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवाल के जवाब में पूर्व मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि इस पुल के लिये हमने अपने पिछले कार्यकाल में तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आर्शीवाद से लगभग 40 करोड की राशी मुख्य बजट में स्वीकृत कराई थी, पश्चात अक्टूबर 23 में इस कार्य का भव्य समारोह के साथ भूमीपूजन किया गया था। हमे खुशी है की दो साल की अवधी मे ही यह पूल बनकर तैयार हो गया है।

### सांदीपनी विद्यालय के 2500 विद्यार्थीयों को होगी सुविधा..

सवालो की श्रंखला में श्री जायसवाल ने यह भी कहा की इस मार्ग पर सांदीपनी विद्यालय के लगभग 2500 विद्यार्थी आवागमन करते है। साथ ही जिला मुख्यालय का मुख्य मार्ग होने के कारण आवागमन एक मुश्किल कार्य प्रतित होता है। अतः अब पूल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर हम इसे सांकेतिक रूप से उपस्थित होकर प्रदेश सरकार के कार्यो का परिचय कराते हुये 10 अप्रैल की प्रातः से शुरू कर रहे है। अब बायपास मार्ग गायत्री मंदिर व शिवधाम मोहल्ले की सडक पर यातायात का ट्रेफ्कि नहीं होगा, और पूल के शुरू होते ही आवागमन भी सुचारू रूप से शुरू हो जायेगा।

### पूल के उपर के साथ साथ नीचे भी होगी प्रकाश व्यवस्था..

पूर्व मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हमने निर्माण एंजेसी को पूल के उपर लाईट व्यवस्था के साथ साथ नीचे की सर्विस सडक जो ग्राम की ओर जाती है पर भी प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दे दिये है। साथ ही बढते यातायात के कारण बायपास मार्ग शिवधाम की जर्जर सडक को भी हम इसी पूल से बची राशी से निर्माण कराने जा रहे है।

## महकेपार में मृत मिला चीतल, वन विभाग ने कराया पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार



**जगप्रेरणा महकेपार।**

बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम महकेपार में एक वन्य प्राणी चीतल मृत अवस्था में पाए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। वन विभाग द्वारा पशु-चिकित्सक की उपस्थिति में मृत चीतल का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके उपरांत नियमानुसार वन्यजीव का अंतिम दाह संस्कार किया गया। वन अधिकारियों ने बताया कि पूरे प्रकरण में शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया है तथा मृत्यु के कारणों की जांच के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाई गई है।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

## जनपद पंचायत कटंगी की सामान्य सभा में भारी हंगामा, आक्रोशित सदस्य ने तोड़ा शिलालेख..





जगप्रेरणा कटंगी।

***मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत कटंगी की सामान्य सभा की बैठक उस समय अखाड़े में तब्दील हो गई, जब विकास कार्यों के श्रेय को लेकर शुरू हुई बहस ने हिंसक रूप अख्तियार कर लिया।***

इस दौरान एक जनपद सदस्य ने अपना आपा खोते हुए सदन में लगे शिलालेख को पत्थर मारकर चकनाचूर कर दिया। इस घटना के बाद प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बैठक की शुरुआत सामान्य रूप से हुई थी, जिसमें क्षेत्र के विकास कार्यों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की जा रही थी। विवाद उस समय शुरू हुआ जब कुछ कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण के शिलालेखों पर नाम अंकित करने को लेकर बहस छिड़ गई। सदस्य इस बात से नाराज थे कि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है और कुछ जनप्रतिनिधियों के नामों की अनदेखी की जा रही है।


### देखते ही देखते टूटा शिलालेख

बहस इतनी तीखी हो गई कि एक जनपद सदस्य अचानक अपनी कुर्सी से उठे और सदन में रखे एक शिलालेख पर वार कर उसे तोड़ दिया। पत्थर और शिलालेख के टुकड़े बिखरते ही बैठक कक्ष में अफ्रा-तफ्री मच गई। अन्य सदस्यों और अधिकारियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित सदस्य काफी देर तक नारेबाजी और हंगामा करते रहे।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आम जनता के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जहाँ विकास की नीतियां बननी चाहिए।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर पंचायतों में 'श्रेय की राजनीति' और जनप्रतिनिधियों के बीच बढ़ते वैचारिक टकराव को उजागर कर दिया है।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

## रेत माफियाओ की बढ़ रही दबंगई: युवक को बेल्ट से बांधकर की बेदम पीटाई..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी थाना अन्तर्गत विभिन्न रेत घाटों में लगातार रेत माफियाओं के द्वारा रेत का अवैध रूप से खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जिसको लेकर समय समय पर कार्यवाही खनिज विभाग सहित पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई है***

उसके बाद भी रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि वे कार्यवाही होने के बाद भी धडल्ल से रेत का कारोबार करते दिखाई दे सकते है। इन्ही रेत के कारोबार के चलते आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ रेत का दोहन परिवहन करने वाले ऐसे भी जो कि रंगदारी, दंबगाई दिखाते हुये रेत का अवैध रूप से कारोबार कर रहे है तथा शिकायत करने वालो के साथ मारपीट करते नजर आ रहे है ऐसा ही एक विडीयो लांजी थाना अन्तर्गत सोनेसराड़ पुल के उपर घटित हआ जहां एक युवक को बेल्ट से बांध कर बेदम पिटाई कर दी तथा उसे पुल से नीचे नदी में फेंकने की कोशिश की गई। जिसे स्थानीय युवक के द्वारा बीच बचाव कर घायल युवक को सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती कर उपचार करवाया गया। पीड़ित नंदकिशोर पांचे ने पुलिस थाना लांजी पंहुचकर कथन लेख कराया कि आज से करीब 4 से 5 दिन पहले बंटी कालबेले, छोटू कालबेले, राजा कालबेले को कहा था कि आप लोग सोन नदी से रेत निकालकर हमारी कच्छार की जमीन से ट्रैक्टर से रेत भरकर ले जाते हो। फिर भी ये लोग नही माने तथा लगातर रेत ले जाते रहे। इनकी शिकायत मेरे द्वारा कलेक्टर बालाघाट, खनिज विभाग बालाघाट एवं एसडीएम किरनापुर को की गई थी। फिर 2 से 3 दिन बाद इन लोगो के ट्रैक्टर को खनिज विभाग के अधिकारियों के द्वारा पकड़ा गया। जो आज दिनांक 7 अप्रैल को मैं अपने साथियों के साथ गांव के पास सोन नदी के पुल पर शाम करी 6:30 बजे के आस पास खड़े थे और आपस में बातचीत कर रहे थे। उसी समय लांजी की ओर से बंटी



कालबेले, छोटू कालबेले, राजा कालबेले एवं नारायण मातरे आये और कहने लगे की हमारे ट्रैक्टर को तुने पकड़ाया कहकर एक राय होकर गाली गलौच करने लगे। गाली देने से मना किया तो बंटी और राजा कालबेले ने बेल्ट से मारपीट की, छोटू कालबेले ने ईट से तथा नारायण मातरे ने हाथ मुक्को से मारपीट किये। जिससे मुझे शरीर के कई हिस्सो पर चोटे लगी है सभी ने एक राय होकर जान से मारने की धमकी की यदि हमारे ट्रैक्टर पकडाया तो तुझे छोडंगे नही। पीडित के कथन के आधार पर लांजी पुलिस ने चारो बारोपी क्रमशः बंटी कालबेले, राजा कालबेले, छोटू कालबेले एवं नारायण मातरे के विरूद्ध अपराध क्रमांक 106/26 धारा 296-बी, 115-2, 351-3, 3-5, 324-2, बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस पुरे प्रकरण की शिकायत पीडित नंदकिशोर पांचे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट पंहुचकर भी की है।

## पालडोंगरी में लाखों रुपए की सी. सी. सड़क का विधायक कर्राहे ने किया भूमिपूजन..

### प्राथमिकता के साथ होगा गांवों का विकास..









जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी विधानसभा क्षेत्र में विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा करोड़ो रूपयो की विकास कार्यो की सौगात दी गई है। जिसमें से अनेको विकास कार्यो के लोकार्पण भी विधायक कर्राहे के द्वारा किये जा चुके है।***

जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाऐं प्राप्त हुई। विधायक कर्राहे के द्वारा हमेशा यह ध्यान रखा गया है कि क्षेत्र के लोगो सरकार की प्रत्येक योजनाओं को लाभ मिल सके। इसी कड़ी में विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा 9 अप्रैल को ग्राम पंचायत पालडोंगरी में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिपस दुलीचंद राजनीरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, सोहन उपराड़े, देवेश ऐड़े, गौरव बैस, कैलाश पुरी गोस्वामी, सरपंच गणेश राम नारनौरे, महेन्द्र बोरकर सरपंच कटंगी, महेन्द्र बबलू उमरे उपसरपंच, मोहन पिछोड़े, सुनील उमरे, दामोदर बल्लारखेड़े, अजय उमरे सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक गण, आमंत्रित अतिथियो, समस्त पंच गण आदि की उपस्थिती में भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पंचायत के द्वारा सर्वप्रथम समस्त अतिथियो को ढोल नगाड़ो के साथ स्वागत वंदन मंच पर किया गया। मंच के माध्यम से सभी को फुल मालाओं से स्वागत सत्कार कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। विधायक राजकुमार कर्राहे एवं समस्त अतिथि गणों के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती माता की पूजा अर्चना कि गई। इसके उपरांत उपस्थित पंडित जी के द्वारा विधि पूर्वक निर्माण कार्यो भूमिपूजन विधायक राजकुमार कर्राहे के हस्ते किया गया।

### इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन..

ग्राम पंचायत पालडोंगरी में विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया जिसमें बस स्टैण्ड से होली चौक तक सीसी रोड़ लंबाई 450 मीटर लागत 12.81 लाख रूपये। होली चौक से आमगांव मार्ग तक सीसी रोड़ लंबाई 400 मीटर लागत 12.34 लाख रूपये। इसके अतिरिक्त विधायक कर्राहे के द्वारा ग्राम के विकास के लिये अन्य निर्माण कार्यो की घोषणा की गई है। सरपंच के द्वारा भी प्रमुख मांगे ग्राम विकास के लिये रखी गई है जिन्हे भी जल्द पुरा किये जाने की बात कही गई है।

आगामी बजट में सभी प्रमुख मांगो को शामिल कर निर्माण कार्य करवाया जायेगा। विधायक कर्राहे ने अपने वक्तव्य में जनता को संबोधित करते हुये कहा कि पंचायत के द्वारा मुझे अनेको निर्माण कार्यो का मांग पत्र सौंपा गया है। सभी मांगे धीरे धीरे ही पूर्ण हो सकती है लेकिन प्रमुख मांगो को अवश्य प्राथमिकता दी जायेगी। इसके अलावा आपने ग्रामीणो को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया तथा कैसे उनको क्रियान्वयन किया जाये यह विस्तार से बताया गया ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति को सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल सके।

## जैविक खेती के साथ प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प

### भूमि सुपोषण संरक्षण अभियान..





जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम विकास गतिविधियों के अंतर्गत भूमि सुपोषण संरक्षण संवर्धन जन अभियान कार्यक्रम 9 अप्रैल को नगर के मां गायत्री मंदिर परिसर में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम की शुरुआत गौ माता पूजन और वृक्ष पूजन से हुई। उपस्थित जनों ने अपने खेतों से दो-मुट्ठी मिट्टी लाई गई और उसका सामूहिक पूजन किया गया। इस दौरान भूमि को माता के रूप में सम्मान देते हुए जैविक खेती, गांव आधारित कृषि और भूमि सुपोषण का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर प्रांत ग्राम विकास प्रमुख श्री नयनसुख की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने उद्बोधन में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे प्लास्टिक मुक्त गांव बनाएंगे तथा रासायनिक कीटनाशक और रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, पेड़ लगाना, पेड़ों की सुरक्षा और संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान गौ माता की जय, धरती माता की जय, भारत माता की जय के उद्घोष से पूरा माहौल भक्ति और जागरूकता से भर गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ।

कार्यक्रम को प्रांत ग्राम विकास प्रमुख नयनसुख जी द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन कराकर सम्पन्न कराया। इस अवसर पर मातृशक्ति श्रीमति निलम भर्रे, पल्लवी खरगाल तथा सुखपाल भर्रे, विजय रामटेक्कर, योगेंद्र दहीकर, दिनेश रामटेक्कर, रमेश आसटकर, महेंद्र रामटेक्कर, मनोज किरनापुरे, राजू कुशले, अमित हेजीब, महेंद्र मस्के, अर्यन, तुषार चौधरी व अन्य गणमान्य लोगो की उपस्थित रही।

## से नि पेंशनर महासंघ की बैठक 12 को..

जगप्रेरणा लांजी।

***म.प्र.सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ लांजी की आवश्यक बैठक 12 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से पुर्वाटोला मार्ग स्थित पुराना रेंज आफिस में आयोजित की गई है।***

बैठक में वन अधिकारी कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी, सुरक्षा श्रमिकों, फायरवाचरों, सेवा निवृत्त समस्त अधिकारी, कर्मचारी, मजदूर आदि की समस्याओं का निराकरण हेतु चर्चा की जाएगी। म.प्र.सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ लांजी के अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष रामप्रसाद चोरवाड़े, सी एल दमाहे, बाबूलाल पारधी, गंगाधर तरोने, नाथूराम सोनवाने, श्यामलाल पाण्डे आदि ने सभी सेवा निवृत्त कर्मचारियों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।




### ग्राम पंचायत बड़गांव (म) जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 09/04/2026

**।। निविदा सुचना।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़गांव (म) जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड, जिला पंचायत फंड, वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री, टाइल पानी टैंकर, मिक्सर मशीन, सेंट्रिंग, वाइब्रेटर, दरवाजे, खिड़की, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, कंप्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, व्हील चेयर, टेबल पेवर, ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री, फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 10 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल 2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत बड़गांव (म) में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती माही भगत | श्रीमती दुर्गा नगपरे | जगदीश नागपुरे |

सह . सचिव - चेतनलाल बोरकर एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बड़गांव (म) जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

### ग्राम पंचायत घोटीघुसमारा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 09/04/2026

**।। निविदा सुचना।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घोटीघुसमारा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 10/04/2026 से 21/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती कमला घोरमारे | श्रीमती बेनुला धारणे | धर्मेंद्र घोंघड़े |

सहा. सचिव - गणेश अगासे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पंचायत घोटीघुसमारा लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

### ग्राम पंचायत - साल्हे जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )।

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 09/04/2026

**।। निविदा सुचना।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साल्हे जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 01/04/2026 से 15/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| त्रिवेंद्र पंचेश्वर | यादोराव देशमुख | श्रीमती देवेश्वरी बिसेन |

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत साल्हे जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

### ग्राम पंचायत - रमगढ़ी जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )।

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 09/04/2026

**।। निविदा सुचना।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रमगढ़ी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 01/04/2026 से 15/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती उर्मिला रंहागडाले | देवीलाल रंहागडाले | देवेंद्र सिंह जचपेले |

सहायक सचिव - श्री धनेंद्र पटले एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत रमगढ़ी जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।





जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीबाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***टेस्ट में भारत की पहली जीत दर्ज करने वाली टीम के सदस्य रहे देश के सबसे उम्रदराज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गोपीनाथ ऑस्ट्रेलिया के महान नील हार्वी (97) के बाद दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज क्रिकेटर थे। उनके परिवार में पत्नी, बच्चे और पोते-पोतियां हैं।***

उनके निधन के बाद मुंबई के 95 वर्षीय चंद्रकांत पाटणकर अब देश के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए हैं। पाटणकर ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। गोपीनाथ के निधन से भारत ने केवल अपने सबसे वयोवृद्ध टेस्ट क्रिकेटर को ही नहीं खोया, बल्कि देश के क्रिकेट इतिहास के एक शानदार अध्याय से जुड़े आखिरी खिलाड़ी को भी खो दिया।

चार साल पहले चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में एक कार्यक्रम के दौरान भारत की पहली टेस्ट जीत का जिक्र करते हुए उनकी आंखों में चमक बरकरार थी। भारत ने 1952 में इसी स्टेडियम में इंग्लैंड को पारी और आठ रन से हराकर टेस्ट में पहली बार जीत का स्वाद चखा था। उन्होंने इस जीत का जिक्र करते हुए मजाक में कहा था, 'देखो! लंबी उम्र का यही फायदा है। आप कहानी जोड़ते और फिर से लिखते रह सकते हैं। मेरी उम्र को देखते हुए हर कोई मुझे संदेह का फायदा देगा, लेकिन संदेह का फायदा हमेशा बल्लेबाज को जाता है, है ना?'



उस समय 92 वर्ष की उम्र में भी गोपीनाथ बेहतरीन कहानीकार बने रहे और अपने आठ टेस्ट मैचों के संक्षिप्त सफर की दिलचस्प कहानियां सुनाते रहे। उनके सबसे उज्जवल क्षण वही चार गौरवशाली दिन थे जो तत्कालीन मद्रास (अब चेन्नई) में बीते।

गोपीनाथ का अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन आंकड़ों की किताब में साधारण नजर आता है, लेकिन उन्हें अपने करियर पर हमेशा गर्व रहा। 1951 में ब्रेबॉर्न स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 50 और 42 रन से शानदार शुरुआत करने वाले इस बल्लेबाज ने आठ टेस्ट मैचों में एक अर्धशतक की मदद से 242 रन बनाये। घरेलू क्रिकेट में गोपीनाथ का योगदान महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने अक्सर मद्रास की कप्तानी की और बड़ी पारियां खेली।

उन्होंने 83 मैचों में नौ शतक और 42 की औसत से 4,259 रन बनाए। अपने करियर की सबसे उल्लेखनीय पारी उन्होंने भारत दौरे पर आई न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ खेली। दक्षिण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने दूसरी पारी में 175 रन बनाये। उस समय की न्यूजीलैंड टीम में बर्ट सटलिफ, जॉन रीड, जॉन एलाबास्टर और पूर्व ऑलराउंडर क्रिस हैरिस के पिता पार्के जिंपिन हैरिस जैसे खिलाड़ी थे। दक्षिण क्षेत्र यह मैच हार गया,

लेकिन गोपीनाथ की पारी ने उन्हें प्रशंसकों का दिल जीतने में मदद की। गोपीनाथ ने कहा था, 'रीड और सटलिफबाद में मुझे ड्रेसिंग रूम में मिले और हमने खेल के बारे में अच्छा संवाद किया। हम एक दूसरे को अच्छे से समझना चाहते थे।' अपने खेल के दिनों के बाद गोपीनाथ ने राष्ट्रीय चयन समिति के प्रमुख और 1979 में इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के प्रबंधक के रूप में भी सेवाएं दी। उस दौरे को सुनील गावस्कर की ओवल मैदान पर 221 रन की बेहतरीन पारी के लिए याद किया जाता है। गावस्कर की इस पारी से जीत के लिए मिले 438 रन का पीछा करते हुए भारत ने आठ विकेट पर 429 रन बनाए थे। यह मुकाबला ड्रॉ रहा।

गोपीनाथ अतीत की यादों के साथ समकालीन क्रिकेट का भी पूरे उत्साह से अनुसरण करते थे। वह आईपीएल और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बड़े प्रशंसक थे। उन्होंने कहा था, 'मैंने सीएसके इसलिए चुना क्योंकि इस टीम में महेंद्र सिंह धोनी हैं। मैं धोनी को उनके क्रिकेट की समझ से ज्यादा उनके खेल के तरीके के लिए पसंद करता हूं। वह मैदान पर कुछ भी अशोभनीय नहीं करते। गोपीनाथ की पहचान मैदान पर कड़े प्रतिस्पर्धी और मैदान के बाहर सज्जन व्यक्ति की रही है।

## 'दृश्यम' से भी भयंकर सस्पेंस, जेल में कत्ल, चक्की में पीसी लाश, सब्जी के बोरे में लगाया ठिकाने, नेटफ्लिक्स पर आते ही बनी नंबर 1..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय सिनेमा में अक्सर बड़े बजट और चकाचौंध वाली फिल्मों का शोर रहता है, लेकिन समय-समय पर कुछ ऐसी फिल्में आती हैं जो अपनी सादगी और बेहद गहरे सस्पेंस से सबको चौंका देती हैं।***



हाल ही में एक ऐसी ही मर्डर मिस्ट्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है, जिसकी तुलना धमाकेदार फिल्म 'दृश्यम' से की जा रही है। 131 मिनट की यह फिल्म बिना किसी शोर-शराबे के दर्शकों को एक ऐसी थ्रिलिंग राइड पर ले जाती है, जहां सही और गलत की परिभाषा धुंधली पड़ जाती है।

अंत तक समझ नहीं आता कि खूनी कौन है, कत्ल कैसे हुआ, लेकिन क्लाइमैक्स में कहानी ऐसी पलटती है कि आंखें फटने लगती हैं। ओटीटी पर रिलीज होते ही यह फिल्म टॉप ट्रेंडिंग लिस्ट में पहले पायदान पर पहुंच गई है, जो इसकी जबरदस्त लोकप्रियता का प्रमाण है। गौर करने वाली बात है कि इसका पहला पार्ट भी लोगों के दिमाग पर असर कर गया था।

### कहानी का ताना-बाना..

'वध 2' की पटकथा जेल की चारदीवारी और मानवीय बेबसी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। फिल्म के केंद्र में शंभूनाथ मिश्रा (संजय मिश्रा) हैं, जो मध्य प्रदेश के शिवपुरी जेल में एक साधारण पुलिसकर्मी हैं। अकेलेपन और आर्थिक तंगी से जूझ रहे शंभूनाथ अपने बेटे के विदेशी कर्ज को चुकाने के लिए जेल परिसर में सब्जियां उगाकर बेचने को मजबूर हैं। इसी जेल में मंजू सिंह (नीना गुप्ता) दो हत्याओं के जुर्म में अपनी उम्रकैद की सजा काट रही हैं। कहानी में भूचाल तब आता है जब एक रसूखदार विधायक का भाई केशव जेल पहुंचता है। केशव का आतंक और दबंगई जेल प्रशासन के लिए सिरदर्द बन जाती है। लेकिन असली रोमांच तब शुरू होता है जब एक दिन अचानक केशव अपने बैरक से गायब हो जाता है। इसके बाद शुरू होता है उसे ढूंढने का सिलसिला और रहस्यों की एक ऐसी परत खुलती है, जो दर्शकों को क्लाइमैक्स तक अपनी सीट से हिलने नहीं देती।

### अभिनय का पावरहाउस..

इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसके कलाकार हैं। संजय मिश्रा ने शंभूनाथ के किरदार में जान फूंक दी है। उनकी खामोशी और आंखों के हाव-भाव शब्दों से ज्यादा संवाद करते हैं, जो उन्हें वर्तमान दौर के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं की श्रेणी में खड़ा करता है। वहीं नीना गुप्ता ने अपनी मंझी हुई अदाकारी से मंजू सिंह के किरदार को एक अलग गहराई दी है। इन दो दिग्गज कलाकारों की केमिस्ट्री फिल्म के गंभीर और डार्क टोन को पूरी तरह से न्याय देती है। फिल्म में कोई बनावटी हीरोइज्म नहीं है, बल्कि दो आम इंसानों की बेबसी और उनके द्वारा उठाए गए खौफनाक कदमों का जीवंत चित्रण है।

### निर्देशन और सस्पेंस का नया स्तर..

फिल्म का निर्देशन काफी सधा हुआ है। निर्देशक ने 131 मिनट के रनटाइम में एक भी अनावश्यक गाना या सब-प्लॉट नहीं रखा है, जिससे कहानी की गति बनी रहती है। 'वध 2' की तुलना 'दृश्यम' से इसलिए की जा रही है क्योंकि यहां भी एक आम आदमी कानून और व्यवस्था के बीच अपना रास्ता बनाता है, लेकिन इसका तरीका और अनुभव 'दृश्यम' के विजय सलगांवकर से काफी अलग और अधिक यथार्थवादी है।

### रिलीज और कहां देखें?

आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग हासिल करने वाली यह फिल्म सोशल मीडिया पर भी मास्टरपीस के रूप में सराही जा रही है। फिल्म की **IMDb** रेटिंग भले ही 'दृश्यम' से थोड़ी कम हो लेकिन क्रिटिक्स ने इसके सस्पेंस गेम को 'दृश्यम' से ज्यादा आंका है। अगर आप मर्डर मिस्ट्री और साइकोलॉजिकल थ्रिलर के दीवाने हैं तो यह फिल्म आपके लिए एक ट्रीट है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। 3 अप्रैल को रिलीज हुई यह फिल्म नेटफ्लिक्स की टॉप 10 लिस्ट में नंबर 1 पर बनी हुई है।

## नीरज चोपड़ा के फैंस को झटका, दोहा डायमंड लीग टली, वेस्ट एशिया तनाव बना वजह..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के अगले बड़े मुकाबले का इंतजार अब थोड़ा और लंबा हो गया है। 2026 की दोहा डायमंड लीग को वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव के चलते टाल दिया गया है, जिससे एथलीट और फैंस दोनों को झटका लगा है। अब यह प्रतिष्ठित इवेंट 19 जून को आयोजित किया जाएगा।***

वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सुरक्षा कारणों को देखते हुए इसे मई की जगह जून में शिफ्ट करने का फैसला लिया है। हालांकि, अधिकारियों ने साफ किया है कि आयोजन तभी होगा जब क्षेत्र में शांति बहाल होगी।

### सुरक्षा कारणों से लिया गया फैसला..

वेस्ट एशिया में हाल ही में बढ़े तनाव और सुरक्षा अलर्ट के चलते यह कदम उठाया गया है।



अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर के बावजूद खाड़ी देशों **UAE**, कुवैत और बहरीन में भी सुरक्षा को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। कतर में भी एक मिसाइल खतरे को इंटरसेप्ट किए जाने की खबर सामने आई थी, जिसके बाद जोखिम को गंभीरता से लिया गया। सिर्फ तारीख ही नहीं, बल्कि आयोजन स्थल भी बदल दिया गया है। पहले यह इवेंट कतर स्पोर्ट्स क्लब में होना था, लेकिन अब इसे खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस स्टेडियम में तापमान नियंत्रित करने की आधुनिक तकनीक मौजूद है, जो जून की गर्मी में खिलाड़ियों के लिए बेहतर माहौल सुनिश्चित करेगी।

### शेड्यूल में बड़ा बदलाव..

नई तारीख के साथ अब दोहा इवेंट डायमंड लीग कैलेंडर में बाद में आयोजित होगा। दोहा डायमंड लीग का आयोजन ओस्लो और पेरिस मीट के बीच होगा, जिससे खिलाड़ियों की तैयारियों पर भी असर पड़ सकता है। पिछले संस्करण में बोत्सवाना के लेटसिले तेबोगो ने 200 मीटर का खिताब जीता था, जबकि जमैका की टिया क्लेटन ने महिला 100 मीटर में बाजी मारी। वहीं, नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरा स्थान हासिल किया था। यह बदलाव सिर्फ एक इवेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि कतर में होने वाले अन्य खेल आयोजनों के शेड्यूल पर भी असर डाल सकता है। आयोजक लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## कर्ज की दलदल में फंसा था टीवी का पॉपुलर एक्टर, बहनों को विदेशों से नौकरी छोड़ करनी पड़ी गांव में खेती..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी की दुनिया के मशहूर एक्टर राजेश कुमार ने अपने करियर में 50 से ज्यादा सीरयल्स में काम किया है। राजेश ने अपनी एक्टिंग और चार्मिंग पर्सनालिटी के दम पर फिल्मी दुनिया में खास मुकाम हासिल कर लिया है।***

दर्जनों सीरियल्स और किरदारों में अपनी एक्टिंग से रंग भरने वाले राजेश कुमार कर्ज के दलदल में ऐसे फंसे थे कि उन्हें मुंबई छोड़कर बिहार लौट जाना पड़ा और यहां खेती करना पड़ा। इतना ही नहीं राजेश कुमार की 2 बहनें भी विदेशों से नौकरी छोड़कर घर लौटीं और खेती का काम शुरू किया। राजेश ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इसकी दर्दभरी दास्तां सुनाई है।

### करोड़ों के कर्ज तले दबे राजेश कुमार..

राजेश कुमार ने साराभाई वर्सेस साराभाई समेत कई सुपरहिट सीरियल्स में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। लेकिन साल 2019 के करीब राजेश कुमार को खेती करने का चस्का लगा। राजेश बिहार से आते हैं और उनके गांव में अभी भी खेती होती है। इसके बाद राजेश अपने घर लौट गए और करीब 20 एकड़ जमीन किराए पर लेकर खेती की तैयारी शुरू कर दी। लेकिन अचानक बाढ़ आने के चलते राजेश को तगड़ा झटका लगा था। जिसके बाद राजेश ऐसे कर्ज के दलदल में फंसे कि आज तक उभरे नहीं हैं।



### बहनों को छोड़नी पड़ी नौकरी?

राजेश कुमार ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को इंटरव्यू में बताया कि उनकी दोनों बहनें जो लंबे समय से विदेशों में रहकर नौकरी कर रही थीं, ने भी उनका साथ देने का फैसला लिया था। राजेश ने बताया कि उनकी बड़ी बहन जो करीब 25 साल से अमेरिका में नौकरी करती हैं उन्होंने भी मेरे लिए अपनी नौकरी छोड़कर गांव में खेती करने का फैसला लिया। राजेश ने बताया कि अब उनकी बहनें घर पर सब काम संभालती हैं वे यहां एक्टिंग करते हैं। हालांकि जब भी समय मिलता है राजेश तुरंत अपने घर भाग जाते हैं। खास बात ये है कि राजेश अब कर्ज के दलदल से भी करीब-करीब बाहर आ गए हैं। उन्होंने इंटरव्यू में बताया कि अब कर्ज का करीब 10-15 प्रतिशत हिस्सा ही बाकी रहा है जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। राजेश ने अपने करियर में कई सुपरहिट सीरियल्स में काम किया है और उनके किरदार घर घर में फेमस रहे हैं।

## शुभमन गिल ने जैसे तैसे जीता पहला मैच, उसके बाद क्यों हो गया कड़ा एक्शन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने इस साल का पहला मैच जीत लिया। हालांकि ये जीत कोई शानदार तो नहीं थी, लेकिन जीत के कम से कम दो अंक तो उन्हें मिल गए हैं और इसी के साथ अंक तालिका में खाता भी खुल गया है।***

इस बीच मैच खत्म होने के बाद शुभमन गिल पर एक्शन लिया गया है। उन पर स्लोओवर रेट के कारण जुर्माना लगाया गया है। शुभमन गिल पहली बार इसमें फंसे हैं, इससे पहले श्रेयस अय्यर भी ऐसा कर चुके हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स को हराकर गुजरात टाइटंस ने जीता पहला मैच..

गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने 210 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसमें शुभमन गिल, जॉस बटलर और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतक भी शामिल रहे। इतना बड़ा स्कोर बनाने के बाद गुजरात की टीम को आसानी से जीतना चाहिए था, लेकिन मैच आखिरी ओवर तक गया। वो तो दिल्ली कैपिटल्स के डेविड मिलर ने एक गलती कर दी, इसलिए गुजरात की टीम जीत गई, नहीं तो ये मैच भी उनके हाथ से निकल जाता।



### स्लोओवर रेट के कारण लगा 12 लाख का जुर्माना..

इस बीच मैच भले ही शुभमन गिल जीत गए हो, लेकिन अब उनकी पर स्लोओवर रेट के कारण एक्शन हुआ है। आईपीएल की ओर से बताया गया है कि गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल पर उनकी टीम की ओर से अरुण जेटली स्टेडियम दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ **IPL** 2026 के मैच के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। जानकारी दी गई है कि चूंकि यह **IPL** की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर **INR** 12 लाख का जुर्माना लगाया गया।

### श्रेयस अय्यर दो बार किया नियमों का उल्लंघन..

इससे पहले दो बार श्रेयस अय्यर भी यही गलती कर चुके हैं। पहली बार में श्रेयस पर भी 12 लाख का जुर्माना लगा था, जो दूसरी बार में बढ़ाकर 25 लाख कर दिया गया था। अब अगर तीसरी बार श्रेयस इस नियम का उल्लंघन करते हैं तो उन पर कम से कम एक मैच का बैन भी लगाया जा सकता है।

## संघर्ष के दिनों को कश्मीरा शाह ने किया याद, शर्मिंदगी से बचने के लिए सेट पर पहुंचती थीं जल्दी, सालों बाद बताई वजह..

डेस्क जगप्रेरणा।

कश्मीरा शाह ने 1977 में रिलीज हुई फिल्म 'यस बॉस' में काम करने के दौरान अपने शुरुआती संघर्ष के दिनों के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि वह सेट पर ऑटो-रिक्शा से आती थीं और दूसरों से इसे छिपाने की कोशिश करती थीं। उन्होंने बताया कि वह सभी अपने संघर्ष को छिपाकर रखती थी, क्योंकि उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती थी। आज वह मनोरंजन जगत का जाना पहचाना चेहरा बन चुकी हैं।

### स्क्रीन पर अमीर, असल जिंदगी में रहा संघर्ष..

कश्मीरा शाह ने हाल ही में भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के यूट्यूब पॉडकास्ट 'भारती **TV**' पर बात करते हुए अपने करियर के शुरुआती दिनों की यादें शेयर कीं। एक्ट्रेस ने याद करते हुए बताया कि उन्हें शाहरुख खान और जूही चावला की फिल्म 'यस बॉस' में एक रोल मिला था, जिसमें उन्होंने आदित्य पंचोली के ऑपोजिट एक ग्लैमरस और अमीर महिला का किरदार निभाया था।

हालांकि, ऑफ-स्क्रीन उनकी असलियत बिल्कुल अलग थी। उन्होंने कहा, 'मुझे फिल्म में एक अमीर महिला का किरदार निभाना था, लेकिन उस समय मेरे पास अपनी कार भी नहीं थी... न ही मेरे कोई अमीर दोस्त थे, लेकिन मैं वह रोल करना चाहती थी।'

### कश्मीरा शाह शर्मिंदगी से बचने के लिए क्या करती थीं?

कश्मीरा ने बताया कि वह सेट पर ऑटो-रिक्शा से जाती थीं, लेकिन इस बात का खास ध्यान रखती थीं कि कोई उन्हें इस तरह आते हुए न देख ले। उन्होंने कहा, 'मैं सुबह 9 बजे के कॉल टाइम के बजाय सुबह 7 बजे ही सेट पर पहुंच जाती थी, क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि कोई मुझे ऑटो में आते हुए देखे और मैं शर्मिंदा हो जाओ।' उन्होंने आगे बताया कि उनके ज्यादातर को-स्टार्स लग्जरी कारों में आते थे। 'शाहरुख खान, जूही चावला और आदित्य पंचोली सभी अपनी-अपनी बड़ी कारों में आते थे।'



### मां को बिना बताया शाहरुख खान की फिल्म में किया काम..

उस समय अपनी आर्थिक स्थिति के बारे में बात करते हुए कश्मीरा ने कहा कि उन्होंने अपनी मां को भी 'यस बॉस' में काम करने के बारे में नहीं बताया था। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी मां को नहीं बताया था कि मैं यस बॉस कर रही हूं। मैं उन्हें फिल्म दिखाने ले गई थी। बिना मेकअप के मुझे कोई पहचान नहीं पाता था और उस समय मेरे पास पैसे भी नहीं थे।' उन्होंने फिल्म की फीस के बारे में भी खुलासा किया और कहा, 'मुझे इसके लिए 30,000 रुपये मिले थे। उस समय मेरे पास कोई कार नहीं थी, क्योंकि मैं अभी भी संघर्ष कर रही थी। इस रोल के लिए पहले निक्की अनेजा को कास्ट किया गया था, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थीं इसलिए उन्होंने फिल्म छोड़ दी। वह फिल्में नहीं करना चाहती थीं... मुझे लगता है कि वह शादी करने वाली थीं।'

### कश्मीरा शाह इन फिल्मों में भी आ चुकी नजर..

इसके बाद उन्होंने 'प्यार तो होना ही था', 'हेरा फेरी' और 'जंगल' जैसी फिल्मों के साथ-साथ कई मशहूर डांस नंबर्स में भी काम किया। बाद में वह रियलिटी टेलीविजन पर भी एक जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। उन्होंने 'नच बलिये 3', 'बिग बॉस 1' और 'फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 4' जैसे शो में हिस्सा लिया। इन दिनों वह 'लाफ्टर शेफ्स - अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' में नजर आ रही हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433





# सड़क सुरक्षा के लिए सभी उपयोगकर्ताओं का जिम्मेदार व्यवहार जरूरी: हर्ष मल्होत्रा

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता एक राष्ट्रीय आंदोलन है और इसके लिए सभी सड़क उपयोगकर्ताओं का जिम्मेदार व्यवहार करना जरूरी है।***

एक बयान के मुताबिक, मल्होत्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े अभियान महज औपचारिक कार्यक्रम न होकर जिम्मेदार सड़क उपयोग की संस्कृति विकसित करने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा हैं।

उन्होंने उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई की तरफसे आयोजित 'उत्तराखंड एडवेंचर राइड' के तीसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाते हुए सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाएं अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं और हर साल करीब 1.8 लाख लोग इन हादसों में जान गंवा रहे हैं। इनमें लगभग 45 प्रतिशत मौतें दोपहिया वाहनों से जुड़ी होती हैं, जिससे सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार अपनाने की जरूरत और बढ़ जाती है। केंद्रीय मंत्री ने युवाओं से सड़क सुरक्षा का 'ब्रांड एम्बैसडर' बनने और दूसरों के लिए उदाहरण पेश करने का आह्वान किया।



उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए सरकार की '4ई' रणनीति- इंजीनियरिंग, प्रवर्तन, शिक्षा और आपातकालीन देखभाल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देश के सड़क सुरक्षा ढांचे की आधारशिला है। मल्होत्रा ने लोगों से हेलमेट के बिना वाहन चलाने, तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल और नाबालिग ड्राइविंग जैसी जोखिम भरी आदतों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा, ÷हेलमेट विकल्प नहीं, सुरक्षा है। रफ्तार ताकत नहीं, जोखिम है। जीवन महत्वपूर्ण है, कोई भी फोन कॉल सुरक्षा से ज्यादा जरूरी नहीं।÷

# ऑनलाइन खुदरा बाजार 2025 में 65 अरब डॉलर पर पहुंचा, क्विक कॉमर्स की तेज बढ़तः रिपोर्ट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत का ऑनलाइन खुदरा बाजार वर्ष 2025 में 19-21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब 65-66 अरब डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। प्रबंधन सलाहकार फर्म बेन एंड कंपनी और***



ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट की भारत में खरीदारी के रुझानों पर केंद्रित इस साझा रिपोर्ट के मुताबिक, ऑनलाइन खुदरा बाजार अगर 20 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ता रहता है तो 2030 तक यह 170-180 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत चंद मिनट में आपूर्ति वाले क्विक-कॉमर्स खंड में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है और ई-कॉमर्स के कुल सकल उत्पाद मूल्य (जीएमवी) का 16-17 प्रतिशत हिस्सा इसी खंड से आता है।

क्विक कॉमर्स खंड 2025 में 10-11 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है और 2030 तक इसके 65-70 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है।

इस अवधि में कुल ऑनलाइन खुदरा कारोबार वृद्धि में 45-50 प्रतिशत योगदान इसी खंड से आने की उम्मीद है, जबकि पारंपरिक ई-कॉमर्स का बाजार में 60-65 प्रतिशत हिस्सा बना रहेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बेहतर आर्थिक परिस्थितियों, महंगाई में नरमी, कर राहत और ब्याज दरों में कमी से खपत बढ़ी है। निजी खपत वृद्धि 2022-24 के आठ प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 10.5 प्रतिशत हो गई। देश के करीब 30 करोड़ उपभोक्ताओं ने 2025 में ऑनलाइन खरीदारी की। इसमें जेन-जी युवाओं की हिस्सेदारी 40-45 प्रतिशत है, जो कुल नए ऑर्डर में लगभग 50 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा दूसरी श्रेणी एवं उससे छोटे शहरों का योगदान भी बढ़कर 2025 में कुल नए ऑर्डर का करीब 50 प्रतिशत हो गया।

# आर. बी. आई. ने बैंकों से विदेशी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को बैंकों से कहा कि वे सीमा पार से आने वाले भुगतान की प्रक्रिया को दुरुस्त ताकि ग्राहकों को शीघ्र सूचना मिल सके***




और लाभार्थियों को समय पर रकम प्राप्त हो सके। केंद्रीय बैंक की एक अधिसूचना के अनुसार, बैंकों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि भुगतान प्राप्त होने के तुरंत बाद ग्राहकों को सूचित किया जाए। विदेशी मुद्रा बाजार के समय के बाद भुगतान होने की स्थिति में, बैंकों को अगले दिन ग्राहक को सूचित करना होगा। अधिसूचना के अनुसार, नोस्ट्रो खातों का मिलान एक घंटे से अधिक समय में नहीं करने का भी निर्देश दिया गया है।

नोस्ट्रो खाता एक ऐसा बैंक खाता है जो किसी घरेलू बैंक द्वारा किसी विदेशी बैंक में खोला जाता है। इसका उपयोग घरेलू बैंक विदेशी मुद्राओं में अंतरराष्ट्रीय लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए करते हैं। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि बैंकों को विदेशी मुद्रा बाजार के समय के दौरान उसी कारोबारी दिन में राशि जमा करने का प्रयास करने, जोखिम मूल्यांकन के आधार पर सीधी प्रक्रिया अपनाने और विदेशी मुद्रा लेनदेन को सुगम बनाने के लिए डिजिटल इंटरफेस विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये नियम 29 अक्टूबर, 2025 को जारी किए गए नियमों के मसौदे पर संबंधित पक्षों से प्राप्त प्रतिक्रिया पर गौर करने के बाद जारी किए गए हैं। नये बदलाव परिपत्र जारी होने के छह महीने बाद प्रभावी होंगे। नये नियमों के अनुसार, बैंकों को सीमा पार से आने वाले भुगतान से संबंधित संदेश प्राप्त होने के तुरंत बाद अपने ग्राहकों को सूचित करना होगा, लेकिन राशि को तुरंत जमा करना अनिवार्य नहीं है। वहीं, मध्यस्थ बैंकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सीमा पार से आने वाले लेन-देन की प्राप्ति की सूचना लाभार्थी बैंक को बिना किसी देरी के दें।

परिपत्र के अनुसार, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्राप्त भुगतान उसी दिन जमा हो जाएं, जो कि मौजूदा फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) और अन्य नियामकीय आवश्यकताओं के अनुपालन पर निर्भर करेगा।

# ईंधन घाटे की भरपाई के लिए सरकार ने लगायी रिफाइनरी मार्जिन की सीमा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***ईंधन निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाने के बाद, भारत ने घरेलू ईंधन बिक्री में नुकसान की भरपाई के लिए रिफाइनरी मार्जिन पर सीमा तय की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दो दीर्घकालिक प्रभाव हुए हैं।***



पहला, अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोल और डीजल की बिक्री में रिकॉर्ड नुकसान हुआ है क्योंकि खुदरा कीमतों में उसी अनुपात में बदलाव नहीं हुआ है। दूसरा, इससे रिफाइनरियों का मार्जिन काफी बढ़ गया है, जो खुदरा कीमतों में कोई बदलाव न होने के बावजूद अपने उत्पादों की कीमत आयातित लागत पर तय करती हैं।

सरकार ने पिछले महीने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) लगाया था, ताकि रिफाइनरी के अप्रत्याशित लाभ पर अंकुश लगाया जा सके और वैश्विक बाजारों में कमी के बीच घरेलू ईंधन की उपलब्धता को बढ़ाया जा सके।

सूत्रों ने कहा कि इसके साथ ही, अब रिफाइनरी के मार्जिन को 15 डॉलर प्रति बैरल तक सीमित कर दिया गया है। इस सीमा से ऊपर की किसी भी कमाई को सरकारी विपणन कंपनियों को बेचे गए ईंधन पर छूट के रूप में माना जाएगा। अतिरिक्त लाभ को खुदरा नुकसान की भरपाई के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा।

पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने 26 मार्च को पेट्रोलियम उत्पादों की दरें निर्धारित कीं, जो आयात लागत से 60 रुपये प्रति लीटर तक कम हैं। ओएमसी ने रिफाइनरी हस्तांतरण मूल्य पर छूट देने का निर्णय लिया है ताकि रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन की आयात-समता लागत से कम भुगतान किया जा सके। रिफाइनरी हस्तांतरण मूल्य (आरटीपी) वह आंतरिक मूल्य है जिस पर रिफाइनरी विपणन इकाइयों को ईंधन बेचती हैं।

मार्च के दूसरे पखवाड़े के लिए, डीजल पर 22,342 रुपये प्रति किलोलीटर (22.34 रुपये प्रति लीटर) की छूट निर्धारित की गई। इससे आरटीपी 85,349 रुपये प्रति किलोलीटर से घटकर 63,007 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है।

अप्रैल के पहले पखवाड़े के लिए, डीजल पर छूट 60,239 रुपये प्रति किलोलीटर निर्धारित की गई है, जिससे आरटीपी 1,46,243 रुपये प्रति किलोलीटर से घटकर 86,004 रुपये प्रति किलोलीटर रह गया है। एटीएफ पर, 50,564 रुपये प्रति किलोलीटर की छूट के बाद, आरटीपी को 1,27,486 रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 76,923 रुपये प्रति किलोलीटर कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि 46,311 रुपये प्रति किलोलीटर की छूट के बाद केरोसिन का आरटीपी 1,23,845 रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 77,534 रुपये प्रति किलोलीटर कर दिया गया है।

परंपरागत रूप से, भारत में पेट्रोल और डीजल का मूल्य आयात समता के आधार पर निर्धारित किया जाता है। इसका अर्थ है कि ईंधन का मूल्य आयातित ईंधन की तरह लगाया जाता है। भले ही देश में मुख्य रूप से कच्चा तेल आयात किया जाता है और स्थानीय स्तर पर परिष्कृत किया जाता है।

जून, 2006 तक पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इन उत्पादों का रिफाइनरी हस्तांतरण आयात समता मूल्य पर आधारित था, जिसके बाद सरकार ने व्यापार समता मूल्य निर्धारण (टीपीपी) को अपनाया। टीपीपी एक ऐसा मानक है जो आयात समता मूल्य को 80 प्रतिशत और निर्यात समता मूल्य को 20 प्रतिशत भारांश देता है।

इस मूल्य निर्धारण ने रिफाइनरी मार्जिन बना रहा। विशेष रूप से उन स्वतंत्र रिफाइनरियों का, जिनके पास पेट्रोल और डीजल पर विपणन मार्जिन का लाभ नहीं था। इनकी कीमतों को सरकार ने क्रमशः 2010 और 2014 में नियंत्रणमुक्त कर दिया था।

नियंत्रणमुक्त होने के बावजूद, पेट्रोल और डीजल की कीमतें लागत के अनुरूप नहीं बढ़ी हैं और अप्रैल, 2022 से स्थिर हैं। इससे कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि होने पर तेल और डीजल कंपनियां नुकसान उठा रही हैं और कीमतें गिरने पर भारी मुनाफा कमा रही हैं।

सूत्रों ने बताया कि रिफाइनरी हस्तांतरण मूल्य पर छूट ऐसे समय में दी गई है जब पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर नुकसान बढ़ गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि खाना पकाने की गैस एलपीजी के विपरीत, सरकार वाहन ईंधन पर होने वाले नुकसान के लिए तेल और डीजल कंपनियों को क्षतिपूर्ति नहीं देती है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अप्रैल को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा था, ''पिछले एक महीने में वैश्विक पेट्रोलियम कीमतों में 100 प्रतिशत तक की वृद्धि के कारण, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल और गैस कंपनियों को एक अप्रैल, 2026 की स्थिति के अनुसार खुदरा विक्रय मूल्य पर पेट्रोल की बिक्री पर 24.40 रुपये प्रति लीटर और डीजल के मामले में 104.99 रुपये प्रति लीटर का नुकसान (अंडर रिकवरी) हो रहा है।

पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का मानना है कि आरटीपी को स्थिर रखने से रिफाइनरी प्रणाली में वित्तीय बोझ प्रभावी रूप से वितरित हो जाएगा, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि इससे सीमित विपणन क्षमता वाली स्वतंत्र रिफाइनरी कंपनियों पर असमान रूप से प्रभाव पड़ सकता है।

# पश्चिम एशिया संकटः अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर दिखने लगे हैं दबाव के शुरुआती संकेत : रिपोर्ट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***उद्योग मंडल फिक्की ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में दबाव के शुरुआती संकेत दिखने लगे हैं।***




रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि इन जोखिमों को कम करने के लिए तत्काल सक्रिय कदम उठाने और भविष्य के लिए तैयारी करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस संकट से निपटने के लिए सरकार को सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को आपातकालीन वित्तीय सहायता प्रदान करने पर विचार करना चाहिए। साथ ही, सार्वजनिक खरीद अनुबंधों में 'फोर्स मेज्योर' (अपरिहार्य परिस्थितियों) से जुड़े नियमों में ढील देनी चाहिए, ताकि कंपनियों पर देरी के कारण जुर्माना न लगे।

फिक्की ने यह भी सुझाव दिया है कि सरकार को पेट्रोलियम उत्पादों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने के लिए जीएसटी परिषद के भीतर चर्चा शुरू करनी चाहिए। इसमें तर्क दिया गया है कि इस कदम से लागत का बोझ कम होगा, आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार होगा और उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिपोर्ट में तेल और गैस के स्रोतों में विविधता लाने, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार की क्षमता बढ़ाने और हरित हाइड्रोजन जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

उद्योग जगत को सलाह दी गई है कि वे अपनी परिचालन निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए 'वॉर रूम' (संकट प्रबंधन केंद्र) स्थापित करें और कच्चे माल के लिए किसी एक देश पर निर्भर रहने के बजाय अपने आपूर्ति तंत्र का विस्तार करें। इसके अलावा, कंपनियों को मुद्रा के उतार-चढ़ाव से होने वाले नुकसान से बचने के लिए भी सुरक्षात्मक उपाय करने का सुझाव दिया गया है।

# मुख्य सचिव ने 'जल सुरक्षित हरियाणा' कार्यक्रम पर विश्व बैंक के अधिकारियों से मुलाकात की..

चंडीगढ़, (भाषा)।

***लंबे समय तक पानी की टिकाऊपन की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बृहस्पतिवार को विश्व बैंक के अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जो बड़े 'जल सुरक्षित हरियाणा' कार्यक्रम को लागू करने की दिशा में एक अहम कदम है।***



इस कार्यक्रम का कुल खर्च 5,715 करोड़ रुपये है, जिसमें 4,000 करोड़ रुपये का विश्व बैंक ऋण भी शामिल है। इसका मकसद पूरे हरियाणा में खेती के पानी के इस्तेमाल की क्षमता, भरोसे और टिकाऊपन में सुधार करना है।

छह साल में तैयार की गई यह पहल राज्य में जल प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक बड़ा और सुसंगठित प्रयास है।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि इस परियोजना को एक समन्वित तरीके से लागू किया जाएगा, जिसमें सिंचाई और जल संसाधन विभाग, जिसे 3,328 करोड़ रुपये दिए गए हैं, सूक्ष्म-सिंचाई और कमांड क्षेत्र विकास प्राधिकार, जिसे 1,500 करोड़ रुपये दिए गए हैं, और कृषि और किसान कल्याण विभाग, जो 887 करोड़ रुपये का इस्तेमाल करेगा, शामिल होंगे।

इसे 15 संकुलों में लागू किया जाएगा, जो 48.94 लाख एकड़ में फैला होगा, जिससे राज्य के खेती लायक कमांड क्षेत्र के एक बड़े हिस्से को फ़ायदा होगा।

बयान में कहा गया है कि मज़बूत प्रशासनिक समर्थन, वैश्विक वित्तीय समर्थन और एक साफ़ तौर पर तय अमल में लाने की रूपरेखा के साथ, 'जल सुरक्षित हरियाणा' कार्यक्रम देश में टिकाऊ जल प्रबंधन और टिकाऊ कृषि के लिए एक मॉडल के तौर पर उभरने के लिए तैयार है।

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।



विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल, सात गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*असम में बृहस्पतिवार को चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हुए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि श्रीभूमि जिले के पथारकंडी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कार्तिक सेना सिन्हा कथित तौर पर रंगमती मतदान केंद्र में घुस गए और पीठासीन अधिकारी से बहस करने लगे।*

उन्होंने कहा, 'उन्होंने दावा किया कि फर्जी मतदाताओं ने असली लोगों के वोट डाले। जब पीठासीन अधिकारी ने इस आरोप का खंडन किया, तो उन्होंने ईवीएम तोड़ दी। इसके बाद कांग्रेस और भाजपा के समर्थकों ने हाथापाई शुरू कर दी।' सिन्हा का सीधा मुकाबला असम के मंत्री और भाजपा उम्मीदवार कृष्णेंदु पॉल से है।

अधिकारी ने बताया, 'इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए करीमगंज सिविल अस्पताल भेजा गया है।' श्रीभूमि की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लीना डोले मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। अशांति के कारण मतदान केंद्र पर लगभग तीन घंटे तक मतदान रुका रहा। चुनाव अधिकारियों द्वारा ईवीएम को वापस अपनी जगह पर रखने के बाद मतदान पुनः शुरू हुआ।

अधिकारी ने कहा, 'सिन्हा घटनास्थल से चले गये और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। आगे की जांच जारी है।' एक अन्य पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एक अन्य घटना में, डिब्रूगढ़ जिले के खोवांग निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा समर्थकों के साथ झड़प में असम जातीय परिषद (एजेपी) के तीन नेता घायल हो गए।



उन्होंने कहा, ÷खबरों के मुताबिक, एजेपी ने आरोप लगाया कि भाजपा इलाके के एक घर में आईटी सेल चला रही है। एजेपी कार्यकर्ताओं का एक समूह पुलिस के साथ वहां पहुंचा। कुछ समय बाद, एजेपी नेता समुद्र बरुआ, स्वाख्यार बोरगोहेन और चित्रकमल हांडीक भी वहां गए।÷

अधिकारी ने बताया कि तीखी बहस के बाद एजेपी कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए, जिसमें एजेपी के तीन नेता घायल हो गए। संपर्क करने पर डिब्रूगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव अभिजीत दिलीप ने कहा, 'यह इमारत पार्टी का कार्यालय प्रतीत होती है और वहां क्या गतिविधि चल रही थी, इसका पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।'

इसके अलावा, सुबह मतदान शुरू होने के बाद कई जिलों के कई मतदान केंद्रों पर मामूली झड़पों की भी खबरें आई हैं, जिनमें लोगों को मामूली चोटें आई हैं। एक अधिकारी ने कहा, 'ज्यादातर झड़पें भारी भीड़ के कारण हुईं, जिसमें लोग कतार तोड़ने को लेकर आपस में भिड़ गए।' उन्होंने आगे बताया कि कुछ मतदान केंद्रों पर सत्ताधारी और विपक्षी दलों के समर्थकों के बीच झड़प हुई।

हालांकि, पुलिस पहले से ही उन क्षेत्रों में मौजूद थी और स्थिति को तुरंत नियंत्रण में कर लिया गया। इस बीच, पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) अखिलेश कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से कुछ घंटे पहले बुधवार रात को तामुलपुर और शिवसागर में हिंसा हुई।

उन्होंने बताया, 'हमें कल रात तामुलपुर में दो गुटों के बीच झड़प की सूचना मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। जब भीड़ नहीं मानी, तो उसे तितर-बितर करने के लिए हवा में गोली चलाई गई।'

उन्होंने बताया कि मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य हाग्रामा मोहिलारी ने कहा कि विस्तृत जांच से तामुलपुर में हुई झड़प का कारण पता चलेगा। उन्होंने कहा, 'हालात अब सामान्य हैं। हम स्थिति पर नज़र रख रहे हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है।' सिंह ने बताया कि एक अन्य घटना में, शिवसागर में एक राजनीतिक दल के कुछ सदस्यों पर हमला किया गया। उन्होंने आगे कहा, 'हमने तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

जांच जारी है।' शिवसागर सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे अखिल गोगोई ने आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार कुशल डोवारी का हाथ था। सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में गोगोई ने दावा किया कि हमले में दो लोग घायल हुए और उनके वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

# हैवान पति की करतूत! धारदार हथियार से काटकर अलग कर दी पत्नी की नाक, ये थी वजह..

डेस्क जगप्रेरणा।

*यूपी के पीलीभीत में चौंका देने वाली वारदात हुई है। दरअसल, यहां के बिलसंडा ब्लॉक में एक पति की कूरता देखने को मिली है। महेशपुर गांव में नशे की हालत में एक पति ने अपनी*




पत्नी की नाक धारदार हथियार से काटकर अलग कर दी। जानें ये पूरा मामला क्या है।

## मामूली विवाद के बाद काटी पत्नी की नाक..

बता दें कि बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात अमन कुमार नामक शख्स ने किसी बात पर विवाद होने के बाद अपनी पत्नी की नाक काट ली। इस दौरान, महिला लहूलुहान हो गई। फिर आननफानन में उसे अस्पताल ले जाया गया।

## नाक काटने के बाद फरार हुआ आरोपी पति..

गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन पहले पीएचसी दियोरिया ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पति-पत्नी में विवाद के बाद यह घटना हुई।

आरोपी अमन फिलहाल फरार है। पीड़िता की अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पीड़िता ने सुनाई आपबीती..

वहीं, पीड़िता ने बताया कि मेरे पति ने मेरी नाक काट ली है। मैं किसी से भी बात करती थी तो वह मुझ पर शक करते थे। मैं चाहे किसी महिला से बात करूं या पुरुष से, वह शक करते थे। इसी वजह से विवाद हुआ था।

## आरोपी को जेल भेजेंगे- एसपी माधव..

पीलीभीत के एसपी सुकीर्ति माधव ने बताया कि देवरिया कलां का एक प्रकरण जो है वो पुलिस के संज्ञान में आया है। उसमें पति ने पत्नी की धारदार हथियार से नाक काट ली है। इलाज के लिए उन्हें बरेली रेफर किया गया है। इस संबंध में पुलिस की तरफ से उनसे संपर्क कर तहरीर ली जा रही है। उसके बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433

# प्रेमिका के शादी से इनकार करने पर निराश इंजीनियर ने आत्महत्या की...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*पीलीभीत (उप्र), नौ अप्रैल (भाषा) गेल (इंडिया) लिमिटेड के 27 वर्षीय एक इंजीनियर ने यहां एक होटल में कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।*



पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बरेली निवासी दीपांशु के रूप में हुई है, जो उसके साथ लंबे समय से प्रेम संबंध में रह रही युवती की शादी कहीं और तय जाने से परेशान था। सुनगढ़ी पुलिस के अनुसार दीपांशु (27) बरेली के योशलपुर का रहने वाला था। अगस्त, 2025 को दीपांशु गेल इंडिया में इंजीनियर पद पर नियुक्त हुआ था।

वह दिल्ली में तैनात था। पुलिस का कहना है कि इंजीनियर और युवती (सरकारी अध्यापिका) के बीच पिछले पांच वर्षों से प्रेम संबंध थे तथा छह महीने पहले युवती ने रिश्ता तोड़ लिया था, इसी बात से इंजीनियर परेशान रहने लगा था। पुलिस के अनुसार इंजीनियर एक सप्ताह पूर्व घरवालों से नौकरी पर जाने की बात कहकर निकला था लेकिन वह पीलीभीत आकर एक होटल में रुक गया। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात उसने जहर खा लिया तथा तबीयत खराब होने पर एक दोस्त को फोन किया। पुलिस का कहना है कि इंजीनियर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सुनगढ़ी के थाना प्रभारी नरेश त्यागी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और फोरेंसिक टीम ने होटल के कमरे से साक्ष्य एकत्र किए हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि जांच से पता चला कि दीपांशु पांच साल से एक महिला के साथ रिश्ते में था, जो वर्तमान में पीलीभीत में एक सरकारी शिक्षक है। उन्होंने कहा कि महिला ने कथित तौर पर छह महीने पहले रिश्ता खत्म कर दिया था। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा रमाकांत सागर ने पुष्टि करते हुए बताया कि युवक की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और चल रही जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हत्यारे शातिर बाप ने जेल में कर ली खुदकुशी, जानें बेटी को क्यों और कैसे मारा था..



डेस्क जगप्रेरणा।

*कैथल जिले में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक हृदयविदारक घटना का अंत भी उतना ही सनसनीखेज तरीके से हुआ है जिसे सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। अपनी 11 वर्षीय मासूम बेटी की गला घोंटकर हत्या करने वाले आरोपी पिता गोवर्धन (निवासी जयपुर गदली, जींद) ने कैथल जेल में आत्महत्या कर ली है।*

आरोपी ने न केवल अपनी ही संतान का खून किया, बल्कि पुलिस को गुमराह करने के लिए 'ब्लैक स्कॉर्पियो' और लूट की फिल्मी कहानी भी रची थी, जिसका पर्दाफाश पुलिस ने अपनी सूझबूझ से किया था।

## शातिर पिता ने बेटी की हत्या कर रचा नाटक..

आरोपी गोवर्धन अपनी बेटी को उसके ननिहाल 'सीवन' ले जाने के बहाने घर से निकला था। पूछताछ में सामने आया कि वह गांव से निकलते ही ऐसी जगह तलाश रहा था जहां वह वारदात को अंजाम दे सके। सफीदों और असंध को पार करने के बाद, प्योदा लिंक रोड पर सुनसान इलाका देखकर उसने मोटरसाइकिल नहर की पटरी पर मोड़ दी। वहां उसने मासूम का गला घोंटकर उसे मौत की नींद सुला दिया। पुलिस को उलझाने के लिए आरोपी ने खुद के कपड़े फाड़ लिए और घर से पैसे (12 हजार रुपये) कूड़े के ढेर में छिपाकर चला, ताकि लूट का नाटक रच सके।

## पत्नी के चरित्र पर था शक, बेटी की ले ली जान..


गोवर्धन ने पुलिस को सूचना दी कि स्कार्पियो सवार बदमाशों ने उसकी पिटाई की और बेटी को अगवा कर लिया। पुलिस के एक सवाल ने तोड़ा गुरूर÷ जांच के दौरान जब पुलिस ने पूछा कि ÷अगर वारदात रास्ते में हुई, तो 20 किमी दूर ससुराल जाकर ही सूचना क्यों दी?÷ इस सवाल पर आरोपी लड़खड़ा गया। सख्ती बरतने पर उसने कबूल किया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था और वह बेटी को अपनी संतान नहीं मानता था। आरोपी ने रिमांड के दौरान अपना जुर्म और साजिश पूरी तरह कबूल कर ली थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर छिपाए गए पैसे और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली थी। रिमांड खत्म होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। जहां उसने खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।




# एक साल के बच्चे ने निगली 3 इंच की जिंदा मछली, गले में फंसी; घर में एक्वेरियम साफ करने के दौरान हुआ हादसा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*इंदौर के एमवाय अस्पताल में एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक साल के बच्चे ने करीब 3 इंच लंबी जिंदा मछली निगल ली।*



डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन के बाद इस मछली को उसके गले से बाहर निकालकर बच्चे को नई जिंदगी दी है। घटना 3 अप्रैल की है।

## एक्वेरियम की सफाई के दौरान मछलियों के साथ खेल रहे थे बच्चे..

पीड़ित बच्चे के बड़े भाई-बहन उनके घर के एक्वेरियम की सफाई के दौरान एक जाली में रखी गईं सजावटी मछलियों से खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों की लापरवाही के कारण एक मछली अचानक उछली और उस वक्त एक साल के लड़के के मुंह में चली गई, जब वह जोर-जोर से हंस रहा था। लड़के के जिंदा मछली निगलने से घबराए परिजन उसे फौरन शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) लेकर आए।

## गले में फंसने के कारण जोर से फड़फड़ाने लगी..

अस्पताल के कान, नाक और गला विभाग की अध्यक्ष डॉ. यामिनी गुप्ता ने बताया, 'जब हमने बच्चे की जांच की, तब करीब तीन इंच लंबी मछली जिंदा थी और उसके गले में फंसने के कारण जोर से फड़फड़ा रही थी। इससे बच्चे के गले में घाव हो गया था और उसकी लार के साथ खून आ रहा था। बच्चे को घबराहट, बेचैनी और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।''

## डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर बचाई जान..

गुप्ता ने बताया कि उन्होंने एक भी पल गंवाए बिना बच्चे के ऑपरेशन का फैसला किया और डॉक्टरों की 6 सदस्यीय टीम ने आधे घंटे की जटिल सर्जरी के दौरान उसके गले से मरी मछली बाहर निकाली। ऑपरेशन के बाद कुछ दिन तक बच्चे की हालत पर नजर रखे जाने के बाद उसे एमवायएच से छुट्टी दे दी गई है और अब वह स्वस्थ है।

उन्होंने बताया कि एक साल के बच्चे के गले में फंसी मछली को सर्जरी के जरिये बाहर निकाले जाने का यह मध्य भारत का पहला मामला है। छोटे बच्चों के गले में फंसी कोई भी चीज उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है क्योंकि उनकी सांस की नली संकरी होती है।

# क्रीमिया में क्रैश हुआ रूस का सुखोई-30 लड़ाकू विमान, पायलट सुरक्षित..

डेस्क जगप्रेरणा।

रूसी एयरोस्पेस फोर्स का एक Su-30 लड़ाकू विमान क्रीमिया में क्रैश हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुक्रवार को क्रीमिया में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान रूसी वायुसेना का विमान हादसे का शिकार हुआ है। हादसे के दौरान दोनों पायलट विमान से सुरक्षित ईजेक्ट कर बाहर निकल आए। विमान में कोई हथियार या गोला-बारूद नहीं था।

## पायलटों की जान को खतरा नहीं..

RBC बिजनेस पोर्टल ने रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया गया कि चालक दल सुरक्षित रूप से विमान से बाहर निकलने में कामयाब रहा। जमीनी खोज और बचाव दल की ओर से उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। हादसे के बाद पायलटों की जान को कोई खतरा नहीं है।

## Su-30 को माना जाता है शक्तिशाली फाइटर जेट..

Su-30 को बेहद उन्नत, शक्तिशाली और मल्टीरोल फाइटर जेट माना जाता है। क्रीमिया में जिस



समय यह हादसे का शिकार हुआ उस दौरान इसमें किसी तरह के हथियार या गोला-बारूद नहीं थे। हालांकि, रक्षा मंत्रालय ने दुर्घटना के संभावित कारण या अन्य परिस्थितियों का बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

## हादसे का शिकार हुआ था सैन्य परिवहन विमान..

इससे पहले 31 मार्च की शाम को क्रीमिया में एक An-26 सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें चालक दल के 7 सदस्यों और विमान में सवार 22 यात्रियों की मौत हो गई थी।

RIA Novosti के अनुसार, An-26 एक चट्टान से टकरा गया था। दुर्घटना का प्रारंभिक कारण तकनीकी खराबी को बताया गया था।

# लेबनान में इजराइल के भीषण हमलों के बाद बचे लोगों की तलाश में जुटे बचावकर्मी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*लेबनान में इजराइल के भीषण हमलों के बाद बृहस्पतिवार को बेरुत और अन्य जगहों पर बचावकर्मी जीवित बचे लोगों और शवों की तलाश में जुटे रहे।*



स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को मध्य बेरुत और अन्य क्षेत्रों में इजराइल के हमलों में कम से कम 203 लोग मारे गए और 1000 से अधिक घायल हो गए। इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से पिछले पांच सप्ताह में बुधवार को सबसे ज्यादा लोग मारे गए। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, बिना किसी चेतावनी के जिन इमारतों पर हमला किया गया, उनमें से कई घनी आबादी वाले व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों में थीं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर नागरिक हताहत हुए। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफऔन ने इन हमलों को ''बर्बर'' करार दिया। इजराइल ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम हिजबुल्ला पर लागू नहीं है।

भीषण हमलों के बाद बेरुत और अन्य जगहों पर बचावकर्मी जीवित बचे लोगों और शवों की तलाश में जुटे रहे। बेरुत में मकसीद अस्पताल के डॉ. वेल जारोश ने बताया कि विस्फोट के 10 मिनट के भीतर अस्पताल में करीब 70 मरीज लाए गए। जारोश ने बताया कि दो लोगों की मौत हो गई और पांच लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से तीन गहन चिकित्सा इकाई में हैं।

इजराइल ने कहा कि उसने हमलों में हिजबुल्ला नेता नईम कासिम के सहयोगी और भतीजे अली यूसुफहर्षी को मार गिराया। हिजबुल्ला ने फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफसलाम ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानून का ÷स्पष्ट उल्लंघन÷ बताते हुए कहा कि कहा कि लेबनान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल शिकायत दर्ज कराएगा।






जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573

# स्वर्णीम वर्ष महोत्सव पर ऐतिहासिक भव्य चुनरी शोभायात्रा उत्साह पूर्वक सम्पन्न..

## ढोल-ताशों की गूंज, आतिशबाजी और आकर्षक झांकियों से गूंज उठा आमगांव शहर..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।



***धार्मिक नगरी आमगांव शहर की ग्रामदेवी मां शीतला जो सभी की झोली भरती है इस प्राचीन एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र शीतला माता मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण***

होने के उपलक्ष्य में स्वर्णीम महोत्सव वर्ष बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भव्य चुनरी शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया महिलाओ ने मां की करीब 300 मीटर के आसपास लंबी चुनरी लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जिसमे आमगाव शहर सहित आसपास की हजारो महिलाओ ने बढचढकर हिस्सा लिया

शोभायात्रा की शुरुआत संतोषी माता मंदिर, तुकडोजी चौक से की गई। प्रारंभ में माता शीतला देवी की प्रतिमा का विधिवत पूजन एवं आरती की गई इसके पश्चात ढोल-ताशों की गूंज और आतिशबाजी से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संदेशों से युक्त आकर्षक झांकियां शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं। यह भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों– बनिया मोहल्ला, पुलिस स्टेशन रोड, आंबेडकर चौक, संत जगनाडे चौक, मानकर चौक एवं गांधी चौक से होकर निकाली गई। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी

शोभायात्रा का समापन शीतला माता मंदिर परिसर में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से महाआरती में भाग लिया। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में महिला, पुरुष, युवा तथा बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज कराई। पूरे आमगांव शहर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और इस आयोजन के माध्यम से धार्मिक एकता का संदेश भी दिया गया।

मां शीतला जो की आमगांव की ग्रामदेवी है जिसके प्रति भक्तो की अपार श्रद्धा एवं भक्ती मां शीतला की चुनरी यात्रा मे दिखाई दी मां शीतला मंदिर के इस स्वर्णीम महोत्सव वर्ष पर मंदिर मे पुरे दो तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमे मां के जागरण सहित अनेक कार्यक्रम शामिल है।

# सामाजिक प्रतिबद्धता के नज़रिए से, ऐसे सामूहिक विवाह समारोह समय की ज़रूरत हैं..

## आदिवासी कांग्रेस के गोंदिया ज़िला अध्यक्ष राजकुमार पुराम का बयान..

## काकोड़ी में दशहरा मैदान पर आदिवासी कंवर समुदाय के एक आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन..

## इस समारोह में कुल छह जोड़े शादी के बंधन में बंधे..



जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी तालुका में सूखा पड़ने के बावजूद, सरकार ने यहां के किसानों को कोई आर्थिक मदद नहीं दी है। ऐसी स्थिति में भी, आदिवासी कंवर समुदाय के लोगों ने पहल की***

और सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। यह बहुत गर्व की बात है। ऐसे सामूहिक विवाह समारोहों के ज़रिए समाज के लोग एक साथ आते हैं। ऐसे समारोहों से पैसे बचते हैं, समय बचता है और लोग एक होते हैं। सामाजिक प्रतिबद्धता के नज़रिए से, ऐसे सामूहिक विवाह समारोह समय की ज़रूरत हैं, ऐसा आदिवासी कांग्रेस के गोंदिया ज़िला अध्यक्ष राजकुमार पुराम ने कहा। वे शुक्रवार को काकोड़ी के दशहरा मैदान में आयोजित आदर्श आदिवासी कंवर समाज के सामूहिक विवाह समारोह को मार्गदर्शन करते हुए बोल रहे थे।


इस समारोह में आदिवासी कंवर समाज के कुल छह जोड़े शादी के बंधन में बंधे। विवाह समारोह की अध्यक्षता आदिवासी विकास निगम के डायरेक्टर भगत सिंह दूधनाग ने की। इस मौके पर पूर्व **MLA** सहषराम कोरोटे, आदिवासी कांग्रेस के गोंदिया जिला अध्यक्ष राजकुमार पुराम, पूर्व सभापती अंबिकाताई बंजार, **Z.P.** सदस्य संदीप भाटिया, उषाताई शहारे, राधिकाताई धरमगुले, **P.S.**रंजीत कसम, अनुसयाताई सलामे, चैनसिंह मडावी, बाबूराव हिळ्को, बिंदुलाल चंद्रवंशी, उत्तम मरकाम, समाज के महासभा के उपाध्यक्ष जासलराम सांगसुरवार, थानेदार श्रीहेगड़कर, सरपंच मीना मडावी, पूर्व सरपंच रियाज खान आदि मंच पर मौजूद थे।

इस बीच, आदिवासी कंवर समाज द्वारा आयोजित इस आदर्श सामूहिक विवाह समारोह में, सामाजिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए कुल छह जोड़े वैदिक रीति से विवाह के बंधन में बंधे। इस अवसर पर मौजूद गणमान्य लोगों ने समाज में फैली गलत प्रथाओं को तोड़कर शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। लहजा यह था कि संगठित होकर ही समाज तरक्की कर सकता है। गणमान्य लोगों ने कहा कि आदिवासी कंवर समाज की यह एकता और आदर्श कार्य पद्धति दूसरे समाजों के लिए भी प्रेरणा देने वाली है। विवाह समिति और मुख्य अतिथियों ने इस समारोह में विवाह करने वाले आदिवासी कंवर समाज के छह जोड़ों को उपहार दिए और उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। इस समारोह के लिए आदिवासी कंवर समाज संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। विवाह में आए बराती समुदाय और मेहमानों की मौजूदगी महत्वपूर्ण रही।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एव विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# ‘होम्योकॉन-2026’ 12 एप्रिल को

जगप्रेरणा आमगांव।



***‘होम्योपैथिक इंटीग्रेटेड मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा गोंदिया’ ने दुनिया के होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हनमेन की 271वीं जयंती के मौके पर एक बड़ा***

राज्य-स्तरीय कॉन्फ्रेंस ‘होम्योकॉन-2026’ का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम रविवार, 12 अप्रैल को आमगांव में सालेकसा रोड पर शुभमंगलम लॉन में होगा

इस समारोह का उद्घाटन भंडारा-गोंदिया के सासंद डॉ. प्रशांत पडोळे करेंगे, और कार्यक्रम की अध्यक्षता चिमूर-गढ़चिरौली के सासंद डॉ .नामदेवराव किरसान करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथी विधायक संजय पुराम, विधायक राकुमार बडोले, तहसीलदार मोनिका कांबले, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, पूर्व विधायक केशवराव मानकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सर्जन डॉ. पुरुषोत्तम पटले और जिल्हा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार मौजूद रहेंगे सुबह 8 बजे से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम रात 10 बजे तक चलेगा। इसमें अलग-अलग सत्र किए गए हैं।

सुबह 8 से 9 बजे तक पंजीयन और नाश्ता सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक भव्य उद्‌घाटन समारोह दोपहर 2.15 से शाम 4.30 बजेः तज्ञ डॉक्टर्स (डॉ. अक्षत अग्रवाल, डॉ. जयंती पटले और डॉ. ज्ञानेश्वरी ब्राह्मणकर के मार्गदर्शन होंगे शाम 6 बजे के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट अध्यक्ष डॉ. संजय देशमुख, सचिव डॉ. डी. एम. सुरसाऊत, कार्याध्यक्ष डॉ. मोहित गौतम, महिला आघाड़ी अध्यक्ष डॉ. मृणाल पटेल और पंजुयन और सांस्कृतिक समिती के सभी सदस्य कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल, बोरगांव/बाजार में शनिवार तक 11 वीं क्लास के लिए एडमिशन ले लें..

## स्कूल के प्रिंसिपल गणेश तोडकर की अपील..

जगप्रेरणा देवरी।

***नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स* MoTA, *नई दिल्ली के तहत आनेवाले देवरी तहसील के एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल, बोरगांव/बाजार में आदिवासी***

समाज के स्टूडेंट्स जो शैक्षणीक वर्ष 2026-27 के लिए साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स फैकल्टी में 11वीं क्लास में एडमिशन लेने में इंटरेस्टेड हैं, वे अगले शनिवार, 11 अप्रैल, 2026 तक एडमिशन के लिए अपना नाम रजिस्टर कर लें।

फिर एंट्रेंस एग्जाम रविवार, 12 अप्रैल, 2026 को होगा। इसलिये स्कूल प्रिंसिपल गणेश तोडकर ने आदिवासी समुदाय के इंटरेस्टेड स्टूडेंट्स को जल्दी एडमिशन लेने की अपील की है।

इस स्कूल में एडमिशन पाने वाले शेड्यूल्ड ट्राइब **(S.T.)** स्टूडेंट्स ने इस साल 10 वीं का एग्जाम दिया है। या 10 वीं का एग्जाम पास कर लिया है। ऐसे स्टूडेंट्स को अपना एप्लीकेशन अपने जाति सर्टिफिकेट, बोनाफाइड और फोटो के साथ शनिवार(11 अप्रैल, 2026) तक एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल, बोरगांव बाजार में जमा कर दे। बाद में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम रविवार, 12 अप्रैल, 2026 को होगी।

इसलिये स्कूल के प्रिंसिपल गणेश तोडकर ने आदिवासी कम्युनिटी के इच्छुक स्टूडेंट्स को जल्द से जल्द एडमिशन लेने की अपील की है।

# देवरी में सर्विस रोड पर अतिक्रमण का शिकंजा, राष्ट्रीय राजमार्ग बना ‘पार्किंग ज़ोन’

## बढ़ा हादसों का खतराः पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत की अनदेखी; नागरिकों ने की तत्काल कार्रवाई की मांग..



जगप्रेरणा देवरी।

***गोंदिया जिले के देवरी शहर से गुजरने वाले ‘राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53* (NH-53) *के सर्विस रोड पर इस समय अतिक्रमण अपने चरम पर पहुंच गया है। एक समय यातायात के लिए खुला***

रहने वाला यह रास्ता अब टायर दुकानदारों और कबाड़ वाहनों के जाल में फंस गया है, जिससे नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत इस गंभीर समस्या की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं।

## छात्रों और मरीजों की जान जोखिम में..

सर्विस रोड न केवल राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क है, बल्कि शहर की दृष्टि से भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इसी मार्ग पर ‘तहसील कार्यालय, पंचायत समिति और ग्रामीण अस्पताल’ जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान स्थित हैं। रोजाना सैकड़ों छात्र, मरीज और वरिष्ठ नागरिक इस सड़क का उपयोग करते हैं। हालांकि, सड़क किनारे स्थित दुकानदारों ने अपना सामान सीधे सड़क पर फैला दिया है, जबकि कई जगहों पर पुराने कबाड़ वाहनों को लावारिस हालत में खड़ा कर दिया गया है। इसके अलावा, टायर पंचर की दुकानों ने टायर सड़क पर रखकर अतिक्रमण कर लिया है। इससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है, जिससे पैदल चलने वालों को अपनी जान हथेली पर रखकर चलना पड़ रहा है।

## उपविभागीय अधिकारी और तहसीलदार की विशेष अनदेखी..

राजमार्ग के पास ही ‘उपविभागीय अधिकारी **(SDO)** और तहसीलदार’ का कार्यालय है, जहाँ आने वाले नागरिकों की भारी भीड़ रहती है। नागरिकों के लिए यह मार्ग सुविधाजनक है, लेकिन सड़क पर ट्रकों की लंबी कतारें लगी रहने के कारण उन्हें भारी असुविधा हो रही है। यहाँ तक कि अधिकारियों को अपने सरकारी निवास से कार्यालय जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का उपयोग करना पड़ता है।

नागरिकों ने गुस्से में सवाल उठाया है कि, ‘लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान तो यह रास्ता खाली करा दिया जाता है, फिर बाकी समय इस मार्ग पर वाहनों का अतिक्रमण क्यों रहने दिया जाता है?’ राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण को कई साल बीत चुके हैं, इस दौरान कई अधिकारी आए और गए, लेकिन किसी ने भी सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने का साहस नहीं दिखाया।

## प्रशासनिक लापरवाही..

सर्विस रोड के दोनों ओर वाहनों की कतारों के कारण यहाँ अक्सर छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं और किसी बड़े हादसे का डर हमेशा बना रहता है। कई बार शिकायतों के बावजूद नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से नागरिकों में भारी नाराजगी है।

प्रशासन को अब केवल नोटिस भेजने की औपचारिकता पूरी करने के बजाय जमीन पर उतरकर इस अतिक्रमण को हटाना चाहिए। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## बोले एक त्रस्त नागरिक..

‘सर्विस रोड पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण अस्पताल तक मरीजों को ले जाना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन को तुरंत अभियान चलाकर रास्ता खाली कराना चाहिए, वरना होने वाले हादसों की जिम्मेदारी किसकी होगी?’

# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## ट्रैक्टर से गिरे हमाल की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/4/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान अर्जुनी मोर मे वैभव फकीर कुवर निवासी इळदा हमाली का काम करते है। घटना के दिन आरोपी जॉन डियर ट्रैक्टर मालक ने अपना ट्रक्टर लापरवाही से चलाकर झाड को टक्कर मारी, उपर बैठा हमाल निचे गिरने से उसके सर मे गंभीर चोट आने से मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 68/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मुकेश थेर 428 पोस्टे केशोरी कर रहे है।

## रेती चोर ट्रॅक्टर ट्राली सहीत गिरफ्तार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/4/2026 के रात 12 बजे के दरम्यान ग्राम बेलटोला मे आरोपी क्रमांक 1 और 2 ने अपने जॉन डियर कंपनी के बिनानंबर प्लेट वाले टॅक्ट्रर मे 1 ब्रास रेती तेढवा वैनगंगा नदी पात्र से बिना पास परमिशन चोरी करते वक्त पकड़ाने से फर्यादी पोऊपनी किरण अशोक पालवे पोस्टे रावणवाडी कि शिकायत पर ट्रक्टर ट्राली किमत 6 लाख और 1 ब्रास रेती किमत 6 हजार का माल जप्त कर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 185/2026 धारा 305, ई, भान्यास सहकलम 3/181 मोवाका के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा पांडे 195, पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

## ठाणा के मंदिर मे किया अज्ञात चोर ने हाथ साफ मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/4/2026 के रात मे अज्ञात चोर ने ठाणा के शिव मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी से 4500 रुपये नगदी, और घंटी किमत 5500 रुपये, हनुमान मंदिर से बेल किमत 7 हजार रुपये, दुर्गा मंदिर के दान पेटी से 6 हजार रुपये कुल 22,500 रुपये का माल चोरी कर ले गया फर्यादी दूसरे दिन सुबह आये तो घटना की जानकारी मिलते हि दिये शिकायत पर पोस्टे आ मगाव मे अपराध क्रमांक 244/2026 धारा 305, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जाँच पोहवा मेश्राम 157 पोस्टे आमगांव कर रहे है।


# किडंगीपार वासियों ने 10 अप्रैल का रस्ता रोको रेल रोको आंदोलन किया स्थगित

## 95 नागरिक पर दाखिल गुन्हे पींछे लेने की, की मांग, किडगीपार ग्रामपंचायत के वार्ड नुसार चुनाव लेने का की विनंती, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव नगरपरिषद क्षेत्र के तहत आनेवाले किडंगीपार गाव परिसर की शराबबंदी का प्रश्न अब निर्णायक मोड पर है***

प्रशासन ने प्रभाग निहाय चुनाव लेने का सकारात्मक आश्वासन देने के बाद किडंगीपार गांव में शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर 10 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित रेल रोको रस्ता रोको आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।




इस आशय का निवेदन तहसील आमगाव को किडंगीपार ग्रामीणो ने सौपा निवेदन के माध्यम से यह भी विनंती की गई की इस आंदोलन के दरम्यान जिन 95 आंदोलन कारियो पर पुलिस ने गुन्हे दाखिल किये वे पिछे लिये जाये आंदोलनकारियों ने इस संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपने निर्णय की जानकारी दी ग्रामीणों ने पहले चेतावनी दी थी कि यदि गांव की शराब दुकान बंद नहीं की गई, तो वे गोंदिया मार्ग पर रेल रोको आंदोलन करेंगे रस्ता रोको करेगे लेकिन जिले में धारा 144 लागू होने और पुलिस विभाग द्वारा करीब 47 लोगों को नोटिस जारी किए जाने के बाद आंदोलन स्थगित करने का फैसला लिया गया। इस संबंध में 8 अप्रैल 2026 को आंदोलनकारियों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक गोंदिया और तहसीलदार आमगांव को लिखित निवेदन सौंपा ज्ञापन सौंपने वालों में राजेंद्र मेंढे, भूमेश्वर कठाने, रामदास गायधने, योगराज भांडारकर, रविंद्र कठाने, विनोद कोरे, घनश्याम मेंढे, वनीता ब्राम्हणकर, प्रभा गायधने, सुषमा कोरे सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।

गौरतलब है कि 5 अप्रैल 2026 को पुलिस द्वारा नोटिस देने के दौरान गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हुई, जिसमें पत्थरबाजी और लाठीचार्ज की घटनाएं सामने आईं। इस घटना में 35 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में किडंगीपार के 80 से 90 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। आंदोलन के प्रमुख संतोष दोनोडे, उनकी पत्नी और पुत्री को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

फिलहाल पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक ‘जगप्रेरणा’ समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

• तिरोड़ा • गोरेगांव • आमगांव • सालेकसा • देवरी • मोरगांव अर्जुनी • तुमसर • साकोली • लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अस्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## इसको बोलते है काम : सांसद प्रफुल पटेल ने राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों के साथ की बैठक..

### विभिन्न सड़को, उड़ाणपुल आदि विषयो पर दिये तीव्रता से कार्य निर्देश..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा जिले के विकास के दावे करने वाले तो अनेक नेता गोंदिया में हुए हैं, लेकिन वास्तविकता में जिनके दिशा निर्देश और प्रयासों का लाभ गोंदिया भंडारा जिले को मिलता रहा है वो नेता सिर्फ और सिर्फ सांसद प्रफुल पटेल ही हैं। राष्ट्रीय एवं प्रदेश की राजनीति में बड़े प्रभावशाली नेता की हैसियत***

रखने वाले प्रफुल पटेल द्वारा कोरोना काल में युद्ध स्तर पर गोंदिया भंडारा जिले में की गई स्वास्थ्य सेवाएं, दवाईयां, रेमडिसिर इंजेक्शन, ऑक्सिजन की उपलब्धता के साथ ही हॉस्पिटलों में ऑक्सिजन प्लांटों का निर्माण आदि संहित सभी की गई व्यवस्थाएं जहां भूलाए नहीं भूलाई जा सकती, वहीं गोंदिया जिले को शासकीय मेडिकल कॉलेज की सौगात और प्रदेश में सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण, बिरसी विमानतल एवं यात्री विमान सेवाओं का शुभारंभ, विभिन्न सिंचाई परियोजनाएं, अदानी पावर प्लांट आदि की सौगातें सांसद प्रफुल पटेल ने दी, तो वहीं एक बार फिर सांसद प्रफुल पटेल का जमीनी स्तर पर किया गया प्रयास नजर आया, जब सांसद प्रफुल पटेल ने भंडारा-गोंदिया जिले के दौरे के दौरान नागरिकों से मिली शिकायतों और सुझावों को ध्यान में रखते हुए, नागपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। सांसद प्रफुल पटेल ने अधिकारियों से विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर चर्चाएं की, तो वहीं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

### इन विषयों पर की चर्चा..

प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद प्रफुल पटेल ने एनएचएआई अधिकारियों के साथ कोहमारा से गोंदिया मार्ग के फोर-लेन निर्माण के संदर्भ में चर्चा की, वहीं गोंदिया की बढ़ती आबादी को देखते हुए भागवतटोला-ढाकणी-नगपुरामुरी-पिंडकेपार-कोहमारा के बीच एक नए मार्ग निर्माण के संदर्भ में निर्देश दिया, जबकि वहीं बाईपास और डीपीआर के तहत रावणवाड़ी-कामठा-आमगाव-कोहमारा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 53 से जोड़ने वाले बायपास रोड का डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गोंदिया-तिरोडा मार्ग पर काचेवानी के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर को जल्द पूरा करने के निर्देश सांसद पटेल ने दिये, वहीं बालाघाट टी-पॉइंट, मरारटोली-तिरोडा रोड और जिलाधिकारी कार्यालय की ओर जाने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर के काम की तकनीकी कमियों को दूर कर तेजी लाने पर जोर दिया। इसी के साथ सारस चौक से फुलचुर नाका तक सड़क निर्माण और विद्युतीकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने सांसद पटेल ने कहा, वहीं श्री पटेल ने अधिकारियों के समक्ष भी भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन परियोजनाओं के पूरा होने से जिले में यातायात सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

## पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की मांग पर

## सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने गोंदिया शहर के निर्माणाधीन भव्य नाट्यगृह कार्य की पुर्णता हेतु आवंटीत की 14 करोड़ की निधी..

### कार्य पूर्ण करने हेतु इसी अप्रैल माह में गोंदिया न.प. को प्राप्त होंगे 14 करोड़ रुपये..

Views - Interior (Auditorium Hall)





जगप्रेरणा गोंदिया।

***पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर, राज्य शासन के गत सप्ताह संपन्न मंत्रीमंडल बैठक में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने गोंदिया शहर रेलटोली स्थित निर्माणाधीन, सांस्कृतिक नाट्यगृह ऑडीटोरियम के निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु, गोंदिया न.प. द्वारा मांगी गई 14 करोड रुपये की***

अतिरिक्त निधी तत्काल आंवटीत करने के निर्देश नगर विकास मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रधान सचिव नगर विकास एवं प्रधान सचिव वित्त विभाग को देते हुए, अप्रैल माह में ही उक्त निधी गोंदिया न.प. को दे देने के स्पष्ट निर्देश दिए है, जिससे अब निधी आवंटन तथा उक्त वास्तु के निर्माण कार्य पूर्ण होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

उल्लेखनीय है कि गोंदिया शहर में भव्य नाट्यगृह ऑडीटोरियम का निर्माण पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल का महत्वपूर्ण संकल्प रहा है और इस हेतु उन्होंने गुजराती स्कूल के बाजु में रेलटोली स्थित जिला परिषद की मालकी की उक्त जगह गोंदिया नगर परिषद को निःशुल्क उपलब्ध कराई तथा राज्य सरकार से आधुनिकतम नाट्यगृह निर्माण कार्य मंजूर कराया और निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

विशेष है कि उक्त नाट्यगृह पूर्ण रुप से वातानुकुलित रहेंगा जिसके संचालन, विद्युत खर्च एवं मरम्मत खर्च की पूर्ति के लिए तत्कालिन विधायक गोपालदास अग्रवाल ने नाट्यगृह के एक ओर नगर परिषद शॉपिंग काम्प्लैक्स के निर्माण हेतु सरकार से मंजूरी दिलाई है। जिला नाट्यगृह को उत्कृष्ट एवं विश्व स्तरीय डिजाईन किए जाने के लिए तत्कालिन विधायक गोपालदास अग्रवाल ने देश के जाने-माने एवं मुंबई के वानखेडे स्टेडियम जैसे भव्य निर्माण कार्य के वास्तुकार श्री शशी प्रभु से वास्तु डिजाईनद्ध कराई है। नगर परिषद इंजीनियरों के साथ-साथ कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वास्तुकार शशी प्रभु के प्रतिनिधी भी निर्माण कार्य की जांच समय-समय पर करते रहे है। नाट्यगृह में 1000 दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ 30 से अधिक दुकानगाड़ो का निर्माण किया गया है।

ज्ञात हो कि 2014 में राज्य में बदली राजनैतिक परिस्थिती के बाद निधी के अभाव में निर्माण कार्य की गती धीमी पड़ी, जिससे निर्माण लागत बढ़ी, वहीं आधुनिक तकनीक वे! निरंतर उन्नत होने से भी कुछ निर्माण लागत बढ़ी है, यह विशेष उल्लेखनीय है। अतः अत्याधुनिक नाट्यगृह निर्माण हेतु मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर तत्काल 14 करोड रुपये की निधी आवंटीत करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शासन के संबंधित आला-अधिकारियों को दिए है, यह विशेष उल्लेखनीय है।

## श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नित्यप्रातः स्मरणीय भृगुकुल श्रेष्ठ रेणुकानंदन भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पावन प्रसंग पर श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा, गोंदिया द्वारा आगामी गुरुवार 16 अप्रैल से रविवार 19 अप्रैल तक चार दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।***

भगवान श्री परशुरामजी के जन्मोत्सव का शुभारंभ रक्तदान शिविर गुरुवार 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा संध्या 7 बजे से भजन संध्या रखी गई है। भगवान श्री परशुरामजी के जन्मोत्सव का उद्घाटन शुक्रवार, 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे गणेश वंदना के साथ होगा तथा दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन में बच्चों तथा महिलाओं के खेलकूद कार्यक्रम रखे गए हैं।

इसी तरह 18 अप्रैल को महिलाओं के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं 'गाथाएं परशुराम जी की' का भी आयोजन किया गया है। मुख्य समारोह रविवार, 19 अप्रैल को श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन, गोंदिया में होगा, जिसमें सर्वप्रथम भगवान श्री परशुरामजी का पूजन, अतिथि सत्कार समारंभ, वरिष्ठ समाजसेवी सत्कार, नवनिर्वाचित पार्षद का सत्कार, मेधावी प्रतिभाओं का सत्कार, पुरस्कार वितरण व अतिथि संबोधन होगा। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में राजकुमार सत्यनारायण तिवारी अध्यक्ष श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन गोंदिया रहेंगे। कार्यक्रम उद्घाटक गिरीश व्यास पूर्व विधान परिषद सदस्य नागपुर के साथ ही प्रमुख अतिथियों में राजाराम शर्मा पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग महाराष्ट्र राज्य व पूर्व नगरसेवक, भिकमचंद शर्मा उपाध्यक्ष, विप्र फाउंडेशन विदर्भ जोन-9, नवलकिशोर पुरोहित पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद गोंदिया तथा राजेश व्यास समाजसेवी मंचासीन रहेंगे। इसी प्रकार संतोष रामस्वरूप शर्मा अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन, गोंदिया की विशेष उपस्थिति रहेंगी।

भगवान श्री परशुरामजी की भव्य शोभायात्रा रविवार 19 अप्रैल को संध्या 5:30 बजे श्री बंशीधर जयनारायण शर्मा राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन, जय श्री टॉकीज के पास गोंदिया से नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर वापस भवन पहुंचेगी। तत्पश्चात समाज के समस्त बंधु-बांधवों हेतु महाप्रसाद का आयोजन किया गया है, इस महाप्रसाद के सहयोगी श्रीमती शांतीदेवी मदनलाल शर्मा परिवार श्री मदनलाल गोंदिया हैं ।

खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष राजस्थानी ब्राह्मण क्रिकेट प्रीमियर लीग एरण टर्फ गणेश नगर गोंदिया में 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक खेला जाएगा। राजस्थानी ब्राह्मण सभा के सचिव मनोज जोशी, कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा, राजस्थानी ब्राह्मण सभा ट्रस्ट बोर्ड सचिव आदेश शर्मा, महिला समिति की अध्यक्ष सौ. रश्मि पुरोहित, सचिव सौ. पायल गोपाल शर्मा युवा विप्र अध्यक्ष राजेश शर्मा कालू, सचिव दिलीप व्यास लालू एवं परियोजना निर्देशक पंकज शर्मा, राहुल तिवारी, अजय लालू शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रशांत शर्मा सहित सभी संस्था के सदस्य कार्यक्रम की सफलता के लिये प्रयासरत हैं। संस्था अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने सभी राजस्थानी ब्राह्मण समाज बंधुओं से समस्त कार्यकमों में उपस्थिति का अनुरोध किया है। उपरोक्त जानकारी श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा के प्रचार प्रमुख कमलेश लाटा द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

## गोंदिया विशेष सत्र न्यायालय का फैसला: मंदबुद्धि युवती के दुष्कर्मी को दी आजीवन कारावास की सजा..

### 5 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास और 12 हजार रुपये का जुर्माना..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया की एक विशेष सत्र अदालत ने एक मंदबुद्धि युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को कठोर सजा सुनाई है। आरोपी का नाम अमोल रामेश्वर तलांजे (30), निवासी बोळदे/करड, तहसील अर्जुनी मोरगाव, जिला***

गोंदिया है। अदालत ने उसे आजीवन कारावास के साथ 5 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी है। यह फैसला जिला न्यायाधीश-3 तथा विशेष सत्र न्यायाधीश के. एन. गौतम ने सुनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अमोल पीड़िता के घर के पास ही रहता था। पीड़िता की मानसिक स्थिति का फायदा उठाते हुए वह पीने का पानी मांगने के बहाने उसके घर में घुसा। इसके बाद उसने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया।

घटना के बाद पीड़िता ने अपने पिता को आपबीती बताई, जिसके आधार पर 21 अक्टूबर 2021 को अर्जुनी मोरगाव पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। तत्कालीन सहायक पुलिस निरीक्षक सोमनाथ कदम ने मामले की जांच की और न्यायालय में आरोप पत्र (चार्जशीट) पेश किया। सरकारी वकील कैलाशकुमार आर. खंडेलवाल ने मामले में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए और ठोस सबूत पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए निम्नलिखित सजा सुनाई।

धारा 376 (2)(एल) के तहतः आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना (जुर्माना न भरने पर 6 महीने की अतिरिक्त कड़ी सजा)। इसी प्रकार धारा 452 के तहत - 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 2 हजार रुपये जुर्माना (जुर्माना न भरने पर 3 महीने की अतिरिक्त कड़ी सजा)।

### पुलिस टीम की भूमिका..

पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक कमलेश सोनटक्के और कोर्ट पैरवी अधिकारी कृष्ण कुमार अंबुले ने इस मामले में प्रभावी भूमिका निभाई, जिससे आरोपी को सजा दिलाने में सफलता मिली।

## सामाजिक समता सप्ताह में महापुरुषों के विचारों की विरासत को संजोएंगे..

### संविधान की प्रस्तावना के वाचन से सामाजिक समता सप्ताह का शुभारंभ..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सामाजिक समता सप्ताह का आज से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सहायक आयुक्त, समाज कल्याण किशोर भोयर ने कहा कि इस सप्ताह के माध्यम से महापुरुषों के विचारों की विरासत को संरक्षित कर नागरिकों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के वाचन से की गई तथा पत्रकार परिषद के माध्यम से कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला जात प्रमाणपत्र सत्यापन समिति के उपायुक्त देवसुदन धारगावे, सहायक आयुक्त समाज कल्याण किशोर भोयर, जिला सूचना अधिकारी अंजू कांबले-निमसरकर तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की अधिकारी श्रीमती कीर्तीकर उपस्थित थीं। यह सामाजिक समता सप्ताह 14 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों का प्रसार कर समाज में एकता स्थापित करने का कार्य किया। संविधान के अनुच्छेद 46 में समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान हेतु राज्य द्वारा विशेष प्रयास किए जाने तथा उन्हें सामाजिक अन्याय और शोषण से संरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। इन्हीं सिद्धांतों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचे और जनजागृति हो, इसी उद्देश्य से 'सामाजिक समता सप्ताह' आयोजित किया जाता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वर्ष 2026-27 के बजट भाषण में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती का द्विशताब्दी वर्ष, संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती तथा महाड के चवदार तालाब सत्याग्रह के शताब्दी वर्ष के आयोजन का विशेष उल्लेख किया था। इसी के अनुरूप इस सप्ताह में इन महापुरुषों से संबंधित कार्यक्रम शामिल किए गए हैं।

**कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार रहेगी**

9 अप्रैल को महाविद्यालयों, आश्रम शालाओं, शासकीय छात्रावासों एवं विद्यालयों में डॉ. आंबेडकर के विचारों पर व्याख्यान, भाषण, निबंध तथा लघु नाट्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही महाड चवदार तालाब सत्याग्रह के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मानवाधिकारों पर विशेष कार्यक्रम होंगे। संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती के अवसर पर उनके कार्यों पर आधारित कार्यक्रम तथा स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। 10 अप्रैल को राजश्री शाहू महाराज गुणवत्ता पुरस्कार वितरण, जात प्रमाणपत्र वितरण, मार्जिन मनी योजना पर कार्यशाला, कर्मवीर दादासाहेब गायकवाड सशक्तिकरण कार्यशाला तथा महिला सशक्तिकरण पर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विभागीय कर्मचारियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण भी होगा। 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती का द्विशताब्दी वर्ष बड़े स्तर पर मनाया जाएगा तथा उनके सामाजिक कार्यों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। अनुसूचित जाति एवं नवबौद्ध बस्तियों में संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां वितरित की जाएंगी। 12 अप्रैल को भी प्रस्तावना वितरण कार्यक्रम तथा शासकीय आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रचार-प्रसार किया जाएगा। 13 अप्रैल को जादूटोना विरोधी कानून पर कार्यशाला, अण्णाभाऊ साठे नगर में सामूहिक गृहप्रवेश कार्यक्रम तथा विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनजागृति की जाएगी। 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर समता रैली का आयोजन कर सप्ताह का समापन किया जाएगा।

किशोर भोयर ने नागरिकों से अपील की कि वे इस सामाजिक समता सप्ताह में अधिक से अधिक सहभागिता कर महापुरुषों को नमन अर्पित करें और समाज में समता की भावना को मजबूत करें।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com